# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 3 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 3- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 57 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भाई दूज : भाई-बहन के जीवन में सुरक्षा एवं सुख की कामना का पर्व

कार्तिक आर्यन को नहीं मिला सच्चा प्यार ◀◀ 6







झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 : भाजपा का संकल्प पत्र जारी, जनता को कई सौगात देने का वादा

# माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे: अमित शाह

- अमित शाह ने सोरेन सरकार और कांग्रेस पर साधा निशाना
- महिलाओं को हर माह 2100 रूपये व 300 यूनिट फ्री बिजली
- सरकारी पदों को जल्द भरेंगे, अग्निवीरों को सरकारी नौकरी की गारंटी
- पेपर लीक करने वालों पर होगी कार्रवाई

**मेट्रो रेज**

**रांची:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शाह के साथ मौजूद थे। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में झारखंड के गठन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 प्रमुख संकल्पों पर जोर दिया गया है।




झारखंड के लिए भाजपा की बड़ी घोषणाएं: झारखंड की जनता के लिए घोषणाएं करते हुए गृह मंत्री ने कहा, 'हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए कानून लाएगी। भाजपा, झारखंड की माताओं-बहनों को 'गोगो दीदी योजना' के माध्यम से प्रतिमाह 11 तारीख को 2,100 रुपया देगी। दीपावली और रक्षाबंधन पर एक एक गैस सिलिंडर मुफ्त देंगे और गैस का सिलिंडर 500 रुपये की कीमत पर दिया जाएगा। हम झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखेंगे।'


गृह मंत्री ने कहा, '5 वर्ष के भीतर झारखंड के युवाओं के लिए 5 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। करीब 3 लाख सरकारी पद निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भरे जाएंगे। हम झारखंड में हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को प्रतिमाह 2,000 रुपये का देंगे। आदिवासी सम्मान और अस्मिता को बढ़ावा देने के लिए आदिवासी धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल का विकास करेंगे एवं अनुदान व सहायता देंगे। हम जमशेदपुर में भगवान बिरसा मुंडा का स्मारक बनाएंगे। झारखंड में प्रश्न पत्र लीक होने की सीबीआई, एसआईटी जांच होगी, दोषियों को जेल भेजा जाएगा। झारखंड में उद्योगों, खदानों के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। झारखंड में सत्ता में आने पर भाजपा ह्यसरना धर्म कोडह्ण के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी।' सोरेन और कांग्रेस सरकार पर शाह का तीखा हमला, लगाए बड़े आरोपः संकल्प पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के तहत महिलाएं और आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं। इसके अलावा उन्होंने सोरेन सरकार पर राज्य की पहचान की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अमित शाह ने जनता से कहा कि झारखंड का ये चुनाव न केवल सरकार बदलने का चुनाव है, बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है। उन्होंने जोर देते हुए राज्य की जनता से पूछा कि उनको तय करना है कि आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार चाहिए। घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली भाजपा सरकार चाहिए।

अमित शाह ने कहा, 'झारखंड को हमारे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और झारखंड को संवारने का काम हमारे नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया। परन्तु पांच साल पहले हेमंत सोरेन की सरकार आई, जिन्होंने मोदी जी द्वारा डबल इंजन सरकार के माध्यम से की गई विकास योजनाओं को ठप्प कर दिया।' उन्होंने कहा कि आज फिर से भाजपा नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता के पास जा रही है कि हम झारखंड के विकास, सुरक्षा, भ्रष्टाचार के उन्मूलन और प्रदेश को विकास की ओर बढ़ाने के लिए काम करेंगे।' हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, 'हेमंत सोरेन सरकार के दौरान झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 29 प्रतिशत की वृद्धि है और बलात्कार के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं की सुरक्षा में विफल रही है।' उन्होंने आगे कहा, 'हेमंत सोरेन सरकार ने 5 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी देने का वादा किया था। आज मैं आपसे हिसाब मांगने आया हूं, 25 लाख छोड़िए आप सिर्फ 5 लाख युवाओं की लिस्ट दे दीजिए। हेमंत सोरेन सरकार से झारखंड का युवा आक्रोशित है और आपको ढूंढ रहा है। घुसपैठियों को आपने (हेमंत सोरेन) पनाह दी है। घुसपैठियों में आपको अपना वोट बैंक दिखाई देता है। इस राज्य में घुसपैठियों की वजह से ?आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन में मस्त है।'

झारखंड की जनता से शाह ने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि भाजपा सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी। असम में भाजपा सरकार आई और आज असम में घुसपैठ बंद हो गई है। उन्होंने आगे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 'भाजपा ने अपने हर वादे को पूरा किया है, जबकि कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना तीनों जगह पर दिए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। मैं खड़गे साहब को बधाई देता हूं कि उन्होंने जनता के सामने स्वीकार किया है कि हम (कांग्रेस) किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं।'

अमित शाह ने हेमंत सोरेन पर साधा निशाना, कहा-

## हेमंत बाबू मैं एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब लेकर आया हूं



**रांची:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी कर सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत बाबू मैं हिसाब लेकर आया हूं। एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब मैं दे रहा हूं। 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार ने झारखंड को 84 हजार करोड़ रुपए दिया। जबकि 2014 से 2024 तक में मोदी सरकार ने झारखंड को तीन लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिये। 81 हजार करोड़ रुपए इंफआस्ट्रक्टर के लिए, 15 हजार करोड़ रुपए सड़क निर्माण के लिए, 65 हजार करोड़ रुपए रेलवे के लिए दिये गये। इसके अलावा 57 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। नौ वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रांची जमशेदपुर में इंटर स्टेट कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार ने झारखंड के विकास के लिए काफी काम कियेः अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड के विकास के लिए काफी काम किये। देश का पहला पीएम जो पहली बार भगवान बिरसा मुंडा का गांव गया। पीएम ने झारखंड से ही आयुष्मान योजना, मुद्रा योजना, जनमन योजना लांच की। इसके अलावा17 जिलों में विश्वकर्मा योजना, बैद्यनाथ धाम को प्रसाद योजना आदि की शुरूआत की जायेगा। हड़पी गयी जमीन वापस की जायेगी।

सीएम ने बीजेपी पर साधा निशाना, कहा-

## अगर हमारी सरकार बनीं तो पांच की जगह हर महीने मिलेगा सात किलो राशन

भाजपा राज में भूख से मौतें आम थी, अबुआ सरकार में हर झारखंडी को मिल रहा राशन, पेंशन व पोषण

**मेट्रो रेज**

**रांची:** राज्य में विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होगा। जबकि काउंटिंग 23 नवंबर को होगी। ऐसे में सभी राजनीतिक दल जमकर जनता को लुभाने के लिए वादे कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एलान किया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन के सत्ता में आने पर लोगों को हर महीने सात किलो राशन मिलेगा।



पांच किलो प्रति माह के बजाय सात किलो राशन का एलानः सोरेन ने रविवार को वादा करते हुए कहा कि अगर जेएमएम के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में आया तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लोगों को मौजूदा पांच किलो प्रति माह के बजाय सात किलो राशन मिलेगा। इतना ही नहीं पेंशन राशि भी बढ़ाई जाएगी।

भाजपा पर लगाए ये आरोपः मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा शासन के दौरान 11 लाख राशन कार्ड और तीन लाख पेंशन रद्द कर दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप भूख के कारण कई आदिवासी, दलितों की मौत हो गई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'मुझे गर्व है कि भाजपा के शासन में जहां भूख से मौतें एक आम समस्या बन गई थी, जिससे राज्य के गरीब और वंचित वर्ग को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। भोजन, पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था, जिससे लोगों की जीवन गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव पड़ा। परंतु अबुआ सरकार के आने के बाद स्थिति में व्यापक बदलाव आया है।

अबुआ सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कियाः उन्होंने आगे कहा, 'हर झारखंडी को उनके हक के अनुसार राशन, पेंशन, और पोषण मिल रहा है, जिससे वे अपने परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। अबुआ सरकार ने राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया है, जिससे झारखंड के लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और उन्हें एक नई उम्मीद मिली है।'

केंद्र ने यह कदम उठाए गलतः सीएमः इतना ही नहीं सीएम सोरेन बताया कि भाजपा ने अपने शासन में क्या कुछ गलत कदम उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 साल में मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी में बच्चों का बजट आधा किया, केंद्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का बजट 40 प्रतिशत कम किया, झारखंड के 40 लाख गरीबों को राशन से वंचित रखा। इतना ही नहीं, केंद्र ने मजदूरों के जीवनरेखा मनरेगा को आईसीयू में डाल दिया। वहीं, खाना खाने के लिए आधार अनिवार्य करके गरीबों के पेट पर सीधा वार किया। साथ ही झारखंड की भाजपा राज में 11 लाख राशन और 3 लाख पेंशनों को रद्द किया गया।

'हमने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कई कदम उठाए': उन्होंने कहा कि इन सब का नतीजा यह निकला कि कई आदिवासी, दलित और पिछड़ों की भूख से मौत हुई। आपके अबुआ सरकार ने पिछले पांच साल में ( दो साल कोरोना सहित) सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कई कदम उठाए।

## असंतुलित होकर गिरी बाइक, युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**चान्हो :** थाना क्षेत्र के खलारी रोड पर अम्बाटांड़ के निकट रविवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक सीताराम उरांव की मौत हो गई, जबकि 22 वर्षीय छोटू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना दोपहर लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, चामा चोड़ा गांव के निवासी सीताराम उरांव और छोटू उरांव मोटरसाइकिल से चामा से बिजुपाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान, अम्बाटांड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो उप-स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स (रांची) रेफर किया गया। रास्ते में ही सीताराम उरांव ने दम तोड़ दिया, जबकि छोटू उरांव का रिम्स में इलाज चल रहा है।

## भारत 3-0 से हारा टेस्ट सीरीज न्यूजीलैंड ने 25 रन से जीता मैच

**इंदौरः** न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 25 रन से जीत हासिल कर ली है। उसके साथ ही कीवी टीम ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से अपने नाम कर लिया है। न्यूजीलैंड ने पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। इसी के साथ उसने इतिहास दर्ज कर लिया है।



तीसरे टेस्ट का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 235 रन बनाये। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी शुरूआत करते हुए किफायती गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाकर न्यूजीलैंड पर 28 रन की बढ़त बनाई थी। 121 रन पर किया ऑलआउटः न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारतीय टीम को 147 रन का लक्ष्य दिया था। ऐसा लग रहा था कि भारत तीसरा टेस्ट मैच जीत जाएगा, लेकिन भारत की बल्लेबाजी एक बार फिर बेदम दिखाई दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पूरी टीम 121 रन पर ऑलआउट हो गई।

**विराट-रोहित का फ्लॉप शोः** विराट कोहली का फ्लॉप शो लगातार जारी है। वह इस मैच में सिर्फ 1 रन ही बना सके। इससे पहले पहली पारी में उनके बल्ले से सिर्फ 04 रन निकले थे। वह लगातार खराब प्रदर्शन से फैंस को निराश कर रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने 11 रन का योगदान दिया।

**ऋषभ पंत ने लगायी फिफ्टीः** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टीम की ओर से सबसे अधिक 64 रन बनाकर कुछ उम्मीद जगाई। उनके अलावा बाकी बल्लेबाजों के असफल होने से भारत को हार का सामना करना पड़ा।

## महाराष्ट्रः तेज रफ्तार कार ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मारी, पांच की मौत

**नंदुरबार :** महाराष्ट्र के नंदुरबार तहसील के पिंपलोद गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार ने सड़क किनारे खड़े तीन बाइक सवारों टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि कार चालक को नींद आ गई होगी, गाड़ी का ब्रेक फेल हुआ होगा या फिर ड्राइवर नशे में होगा, तभी वाहन के अनियंत्रित हो जाने के कारण ये हादसा हो गया।



फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह हादसा 2 नवंबर को रात करीब 8 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि नंदुरबार से धनोरा रोड पर पिंपलोद गांव से एक किमी दूर एक बाइक खराब हो गई थी। अंधेरा होने की वजह से बाइक सवार की सहायता के लिए दो और बाइकें मौके पर रुक गईं। इसी बीच नंदुरबार से धनोरा की ओर तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने रोड के किनारे बाइक के साथ लोगों को जोरदार टक्कर मार दी।

## न्यूज ब्रीफ




### सेल के एमटीआई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन सत्र आयोजित

**रांची:** सेल रांची इकाइयों में तीन महीने से चल रही सतर्कता गतिविधियों का समापन सेल, एमटीआई में आयोजित समापन सत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीबीआई, रांची के डीआईजी एवं प्रमुख मोहम्मद सलीम खान थे। उनका स्वागत पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि के साथ एसके वर्मा, ईडी (सीईटी), एसके कर, ईडी (आरडीसीआईएस), एस वशिष्ठ, कार्यवाहक ईडी (एसएसओ) और संजय धर, कार्यवाहक ईडी (एमटीआई) ने मंच साझा किया। कार्यक्रम की शुरूआत सेल रांची इकाइयों के एसीवीओ श्री विशाल सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद कॉर्पोरेट एवं सामान्य सतर्कता मुद्दों पर सेल के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक रोचक बातचीत सत्र हुआ। अपने ज्ञानवर्धक उपाख्यानों से श्री खान ने सत्र को संवादात्मक बना दिया, जिसकी सेल अधिकारियों ने काफी सराहना की। सेल रांची के सीओसी उज्ज्वल भास्कर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम का कुशल संचालन सतर्कता विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सिद्धांत कुमार ने किया।

### भारतीय आदिवासी पार्टी प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अनिल सिंह मुंडा ने सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के वनवाडीह लोसेरा पतराहातु एंव राहे प्रखंड के ईचाहातु गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से वोट मांगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुंडा ने कहा कि क्षेत्र में जो अपेक्षित विकास होना था वो नही हुआ है केवल यहां विकास के नाम पर ढोल पीटा गया है आज भी लोग बुनियादी सुविधा से कोसों दूर है। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा आदिवासी पार्टी को वोट दे। भारत आदिवासी पार्टी लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। मौके पर कई गन्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### मां काली को लगाया गया खिचड़ी का महाभोग



**रांची** विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति की पूजा बंगाल से आए पुरोहित चमन राय के द्वारा बड़े ही विधि विधान के साथ कराया जा रहा है। मां श्यामा काली का रूप देखकर भक्तजन मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। शनिवार को मां काली को खिचड़ी का महाभोग लगाया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्त जनों ने मां का माहभोग ग्रहण किया। विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति के राणा रणधीर महेंद्रू ने बताया कि रविवार को मां को चना, घुघनी एवं हलवे का भोग लगेगा। दोपहर 2 बजे मां काली की भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो बरियातू स्थित नालंदा तालाब में मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

### ईपीएफओ के प्रयास पहल के तहत बीएसएल में पेंशन भुगतान आदेश का निर्गत आरम्भ




**बोकारो :** ईपीएफओ के प्रयास पहल के तहत पहला पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा नीना सिंह, महा प्रबंधक-प्रभारी (एच आर) के अक्टूबर 2024 में 58 वर्ष पूरा होने के उपरांत प्रदान किया गया। इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एम एम) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (एच आर एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (एच आर) हरि मोहन झा, ईपीएफओ के लिए नोडल अधिकारी उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) पूनम सिंह तथा प्रवर्तन अधिकारी, ईपीएफओ, बोकारो रितु राज कुमार उपस्थित थे। पेंशन भुगतान की शुरूआत 58 वर्ष पूरा होने पर होती है। 58 वर्ष पूरा होने से तीन महीने पहले प्रत्येक लाभुक का सेवा विवरण और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया सम्बंधित मानव संसाधन विभाग के द्वारा शुरू होती है जिसके पूरा होने के उपरांत पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) निर्गत करने की पहल की जाती है। इस अवधि में सभी दस्तावेजों का सत्यापन ससमय पूरा कर लेने से पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) लाभुक को समय पर निर्गत करने में मदद मिलती है। यह उपलब्धि ईपीएफओ और बीएसएल के संयुक्त प्रयासों से संभव हो सका है।

# जनता का आशीर्वाद हमारे साथ, फिर से बनेगी झामुमो की सरकार : सुप्रियो

## हिमंता के झारखंड भ्रमण पर लगे रोक

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम फिर से सरकार बनायेंगे। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वे बोल रहे थे। कहा कि कुछ दिन पहले हम इंडिया गठबंधन की ओर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दफतर गये थे। हम लोगों ने आयोग के समक्ष असम के मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ अपनी आपत्ति




दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वे जिन शब्दों का प्रयोग अपनी बातों में कर रहे हैं, राज्य सरकार की आलोचना करते करते व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं, धर्म-संप्रदाय के आधार पर लोगों को बांट रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हम लोगों से कहा है कि वे इसका संज्ञान लेंगे।

**तत्काल प्रभाव से हेमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में प्रवास व भ्रमण पर रोक लगनी चाहिए :** सुप्रियो ने कहा कि केवल कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। कहा कि तत्काल प्रभाव से हेमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में प्रवास व भ्रमण पर रोक लगनी चाहिए। यह झारखंड की समग्र परंपरा के खिलाफ है। मैं बीजेपी से एक सवाल करना चाहता हूं। 2011 में इस देश में अंतिम जनगणना हुई। क्या उस समय बीजेपी अस्तित्व में नहीं थी। क्या राज्य अलग हुए 11 साल नहीं हुए थे, उस समय घुसपैठिये की बात नहीं आयी, बांग्लादेशी घुसपैठिये की बात नहीं आयी, 2014 में नहीं आयी, 2019 में नहीं आयी कौन सा सर्वे है कि 2024 में अचानक आ गया और कह दिया गया कि झारखंड में बांग्लादेशी हैं। आप के पास मुद्दे नहीं हैं, नेतृत्व नहीं है।

चुनाव लोकतंत्र का पर्व है, जिस में सभी धर्म के लोग शामिल होंगेः हम लोगों ने कल भी कहा था अभी सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने का समय है। चुनाव भी लोकतंत्र का पर्व है। जिस में सभी धर्म के लोग शामिल होंगे, अभी छठ आयेगा। दलित के घर से बना हुआ सूप व दौरा आयेगा। हमारे राईन समाज के लोग फल बेचने का काम करते हैं, घाटों की सफाई हो रही, उस वक्त में इस प्रकार की बात करना , जब समाज को एक होना है, एक साथ छुटियां मनाना है, और कैसे कैसे शब्द कहे जा रहे हैं। चुनाव आयोग यह तय करे कि झारखंड में शांति भंग करने की भाजपा की जो कोशिश है, उस पर रोक लगे। चुनाव तो आते जाते हैं, जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम फिर से सरकार बनायेंगे।

# कांग्रेस पर हमलावार हुए प्रतुल शाहदेव कहा, महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में शामिल

मेट्रो रेज

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज शनिवार को जमशेदपुर के भाजपा महानगर कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर हल्ला बोला। प्रतुल ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने महिलाओं के लिए टंच माल, इरफान अंसारी ने रिजेक्ट माल और कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रवक्ता ने इंपोर्टेड माल जैसे घटिया शब्दों का प्रयोग किया। कहा कि आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

महिलाएं अपने अपमान का जवाब वोट के जरिए चोट कर-के देंगीः प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतुल ने कांग्रेस के डॉक्टर अजय पर करारा हमला बोला। कहा कि इन्होंने तो एक आदिवासी बेटी का अपमान किया जो देश के



सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। प्रतुल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में डॉक्टर अजय कुमार ने अशोभनीय टिप्पणी करते हुए कहा था कि वो शैतानी और दुष्ट सोच का प्रतिनिधित्व करती है। उनको आदिवासी का प्रतीक मानने से इनकार किया था। डॉक्टर अजय ने जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी पूर्णिमा साहू की तुलना बाजार में बिकने वाले सामान से कर दी थी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अपने प्रवक्ता के बयान का खंडन नहीं किया। मतलब साफ है कि कांग्रेस महिलाओं को उपयोग करने वाली वस्तु मात्र समझती है। प्रतुल ने कहा कि महिलाएं भी अपने अपमान का जवाब वोट के जरिए चोट कर-के देंगी। प्रतुल ने कहा इस सरकार के कार्यकाल में 7400 बेटियों के साथ बलात्कार हुआ। जिसमें एक तिहाई एससी एसटी बेटियां हैं। 25फीसदी से भी कम ऐसे मुकदमों में चार्जशीट दाखिल हुई है।। यह महिलाओं के प्रति इस सरकार की अपमानजनक सोच को दर्शाता है। एनडीए की सरकार में महिलाएं लगातार तरक्की कर रही हैं।ः प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एनडीए की सरकार में महिलाएं लगातार तरक्की कर रही हैं। एक साधारण जनजातीय पृष्ठभूमि से आकर राष्ट्रपति बनने वाली द्रौपदी मुर्मू का अपमान देश नहीं भूलेगा। भारत के ग्रामीण स्थानीय निकाय में 46% निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाएं हैं। 43% विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित स्नातक महिलाएं है। सशस्त्र बलों में महिलाएं शामिल हैं लड़ाकू विमान भी आज महिलाएं चला रही हैं। नारी शक्ति की इस बढ़ती ताकत से कांग्रेस विचलित हो गयी है और घटिया शब्दों का प्रयोग कर रही है। प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ की विधायक भावना वोहरा, जिला महामंत्री अनिल मोदी,मीडिया प्रभारी प्रेम झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# एक किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**बोकारो :** बालीडीह थाना को गुप्त सूचना मिली कि बालीडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत रेल फाटक बालीडीह, हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति द्वारा अपने बैग में गांजा का पुड़िया रखकर बेचा जा रहा है। पुलिस ने उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक बोकारो को अवगत कराया जिसके बाद पुलिस उपा० (मु०), बोकारो के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई करने हेतू आदेश दिया गया। गठित टीम के द्वारा सूचना का सत्यापन एवं छापामारी कर रेल फाटक, हनुमान मंदिर के पास से रितेश कुमार मल्लिक, पिता भुपेन्द्र मल्लिक, सा० सेक्टर 12/डी, क्वा० नं0 2085, थाना सेक्टर 12, जिला बोकारो को काला रंग का बैग में करीब एक किलो गांजा एवं अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुछताछ में रितेश मल्लिक द्वारा बताया गया कि वे वशिष्ठ मिश्रा, पता जैनामोड़, मिश्रा साईड, थाना जरीडीह, जिला बोकारो से गांजा खरीदकर बेचने की बात बतायें, जिनके निशानदेही पर सशस्त्र बल के सहयोग से जैनामोड़, मिश्रा साईड से वशिष्ठ मिश्रा, पिता सुरेश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से भी प्रतिबंधित गांजा बरामद हुआ। उक्त दोनो गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध बालीडीह थाना काण्ड सं0 326/24, दिनांक 01।11।24, धारा 20 (बी) (॥) (बी)/22 (बी) एन०डी०पी०एस० एक्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। गिरफ्तार रितेश कुमार मल्लिक ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि इनके द्वारा गांजा का पुड़िया तैयार कर अपने पास रखे इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन कर बेचा करता हैं। इनके पास से गांजा पीने में प्रयोग होने वाला चिलम, साफी एवं पुड़िया तैयार करने हेतू करीब 300 ग्राम छोटा पॉलीथीन जब्त किया गया।



# निर्दलीय प्रत्याशी मो इसराफिल ने किया सघन जनसंपर्क

**बोकारो :** गोमिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी बोकारो के पूर्व विधायक स्वर्गीय इजराइल अंसारी के पुत्र मो0 इजराफिल उर्फ बबनी ने अपने समर्थकों के साथ गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। कमार्टांड़ स्वांग, साड़म हथिया पत्थर, लाल बांध मे ग्रामीण मतदाताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने अपना चुनाव चिन्ह अलमारी छाप क्रम संख्या 7 पर मतदाताओं से वोट देने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान वे कृष्ण कल्याण परिषद तेनुघाट व बांध कमार टोला में गोवर्धन पूजा में शामिल हुए। पूजा समिति के लोगों व ग्रामीण ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। जनसंपर्क के क्रम में मो0 इजराफिल उर्फ बबनी ने ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर अब्दुल गनी, गोपाल यादव, प्रदीप यादव, इमामुल, सुंदर यादव, इंदर यादव, भीम लाल यादव, रिजवान अंसारी समेत अन्य लोग शामिल थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल मन्नान ने थामा झामुमो का दामन

**बोकारो :** इंडिया एयलाइंस समर्थित गोमिया से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो के समक्ष उनके आवास में रविवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र से नामांकन



कराए(स्क्रूटनी में रद्द) अब्दुल मन्नान ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। अब्दुल मन्नान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही राज्य की बेहतरी के लिए उपर्युक्त है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है। हेमंत सरकार की योजनाओं से जनता को बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि वे भी झामुमो के पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। आज झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो के समक्ष घर वापसी कर रहा हूं। योगेंद्र प्रसाद महतो ने अब्दुल मन्नान को झामुमो चुनाव चिन्ह का अंग वस्त्र भेंटकर झामुमो परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब्दुल जी अनुभवी हैं, पार्टी को लाभ होगा। अब्दुल मन्नान के साथ उनके पुत्र शकील अंसारी और समर्थक रहे लालू जी ने भी झामुमो का दामन थामा है।

# ऐतिहासिक मतों के साथ तीसरी बार जीत हासिल करेंगे बिरंची नारायण : ढुलू महतो

मेट्रो रेज

**बोकारो :** बोकारो विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की गतिविधियां तेज होने लगी है। बोकारो विधानसभा प्रधान कार्यालय का उद्घाटन धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कलस्टर प्रभारी बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन , अजित कुमार महतो, सह संयोजक प्रकाश सिंह,मुकुल ओझा मौजूद रहे। सांसद ढुलू महतो ने कहा बोकारो विधानसभा में लगातार तीसरी बार कमल खिलेगा । एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी बिरंची नारायण



ऐतिहासिक मत से विजयी होंगे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं जिससे वो जनता के पास जाकर वोट मांगने का काम करेंगे। भाजपा विकास के नाम पर वोट मांगने का काम करती है।उनके किये गए कार्य से शहर हो या ग्राम लोग प्रभावित हुए है। केंद्र सरकार की हर योजनाओं के साथ रघुवर दास की सरकार के हर योजनाओं को धरातल पर उतारा। भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथो पर जनसम्पर्क अभियान में लग जाये। इस हेमंत सोरेन के सरकार से जनता काफी नाखुश है। झूठे वादे के साथ राज्य में सरकार बनाई मगर कोई वादा पूरा न किया। मोदी सरकार के प्रति जनता ल बिस्वास है। हमे बस संपर्क कर उन्हे भाजपा के पक्ष में 20 नवम्बर को मतदान करने का आग्रह करना है।

नितिन नवीन ने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत अभियान के साथ कार्यकर्ता जनसंपर्क मे जुड़ जाय। जनता ने भी मन बनाया है राज्य में भाजपा सरकार की जरूरत है। भाजपा ही राज्य का विकास कर सकती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक कमलेश राय व संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की। उद्घाटन समारोह में बोकारो विधानसभा कोर व संचालन समिति के सभी सदस्य, जिला पदाधिकारी,सभी 9 मंडलों के अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कल्पना सोरेन का रांची और जमशेदपुर में रोड शो आज

मेट्रो रेज

**रांची :** झामुमो की स्टार प्रचारक सह गांडेय विधानसभा सीट से प्रत्याशी कल्पना सोरेन रविवार को रांची और जमशेदपुर में रोड शो करेगी। जिसमें इंडिया गठबंधन के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। जमशेदपुर में होने वाले रोड शो में उनके साथ सांसद पप्पू यादव भी उनके साथ रहेंगे। वहीं, रांची में होने वाले रो शो में उनके साथ महुआ माजी साथ होगी। इस दौरान उनका काफिला विभिन्न जगहों से होकर गुजरेगा।



जमशेदपुर में इन जगहों से गुजरेगा कल्पना और पप्पू यादव का काफिलाःकल्पना सोरेन की जमशेदपुर में होने वाले रोड शो में पप्पू यादव भी साथ रहेंगे। वे कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के पक्ष में लोगों से समर्थन मांगेगी। कल्पना और पप्पू यादव संडे मार्केट बिरसानगर से दोपहर 3 बजे रोड शो की शुरूआत करेंगे, जो बारीडीह चौक पर आकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो जायेगी। इस रोड शो में कांग्रेस और जेएमएम के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

रांची में इन जगहों से गुजरेगा कल्पना सोरेन का काफिलाः इसके बाद कल्पना सोरेन शाम 6 बजे रांची में डॉ महुआ माजी के समर्थन में रोड शो करेंगी। यह रोड शो नेपाल हाउस से शुरू होकर महादेव मंडा, कर्बला चौक, गुदड़ी चौक, थड़पखना, अपर बाजार, जैन मंदिर, बड़ा तालाब, पुरानी रांची, किशोरगंज, पहाड़ी मंदिर, चूना भट्ठा सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा। इसमें इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता समर्थक शामिल रहेंगे।

सीएम हेमंत आज रंका में, कल्पना चार को चिनिया व मेराल मेंः झामुमो के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका, चिनिया एवं मेराल में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। रविवार तीन नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रंका पहुंचेंगे। वहां उच्च विद्यालय रंका के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जबकि स्टार प्रचारक सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सोमवार चार नवंबर को चिनिया एवं मेराल आयेंगी। वह चिनिया के चिरका स्थित आइटीआइ मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा तथा इसके बाद मेराल में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी।

# छह नवंबर से पुलिसकर्मी पहनेंगे शीतकालीन वर्दी, आदेश जारी

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिसकर्मियों को छह नवंबर से शीतकालीन वर्दी पहनने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने पहले दो मार्च 2024 से ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनने का निर्देश दिया था, लेकिन शरद ऋतु के आगमन पर अब नया आदेश जारी किया गया है। यह आदेश होमगार्ड मुख्यालय समेत पुलिस के सभी इकाइयों को दिया गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 6 नवंबर से 15 मार्च तक सभी पुलिसकर्मी शीतकालीन वर्दी पहनेंगे। जानकारी के मुताबिक, पुलिस पदाधिकारियों को परिधान भत्ता (वर्दी) के लिए 4500 रुपए मिलता है। जबकि पुलिस जवान को 4000 रुपये दिया जाता है। इससे पुलिस पदाधिकारी व जवान को वर्दी,



वूलेन वर्दी, बेल्ट, जूता, मोजा, टोपी आदि खरीदना होता है। यह परिधान भत्ता हर साल मिलता है।

## कब्र पर्व पर ईसाई समाज ने अपने मृतजनों को किया याद, की प्रार्थना



**रांची :** मिशनरियों ने अपने मृत जनों को याद किया और उनके लिए प्रार्थनाएं की। कैथोलिक विश्वासी प्रत्येक वर्ष दो नवंबर को कब्र पर्व मनाते हैं और मृत जनों की आत्मा की शांति के प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर रांची टमटमटोली में स्थित कब्रस्थान पर कैथोलिक विश्वासी जमा हुए। सभी रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद की अगुवाई में आयोजित मिस्सा बलिदान में शामिल हुए।

शरीर के मृत हो जाने पर जीवन समाप्त नहीं होताः कैथोलिक विश्वासियों के लिए कब्र पर्व एक विशेष अवसर है, इस दिन वे अपने परिवार के मृत माता पिता, भाई, बहन और रिश्तेदारों को याद करते हैं। उनके जीवन दान के लिए ईश्वर को धन्यवाद देते हैं। और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राथनाएं करते हैं। कैथोलिकों का विश्वास है कि शरीर के मृत हो जाने पर जीवन समाप्त नहीं होता बल्कि वे एक नये जीवन में प्रवेश करते हैं। जैसे प्रभु येसु क्रूस में मरने के बाद पुनः जी उठे, वैसे ही वे भी जी उठेंगे। ईश्वर के राज्य में अर्थात स्वर्ग में दूतों एवं संतों की संगति में वे सदा सर्वदा शांति में निवास करेंगे

विश्वासियों ने अपने मृतजनों की कब्रों पर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाईः कब्र पर्व के उपलक्ष्य में महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने मिस्सा बलिदान के दौरान अपने धर्मोपदेश में कहा कि हमारा वास्तविक निवास स्वर्ग है जिसकी ओर हम तीर्थयात्री के रूप में अपना कदम बढ़ा रहे हैं। इस शरीर के नष्ट होने पर हम भी प्रभु येसु के समान पुनः जी उठेंगे। उन्होंने सभी मृत विश्वासियों के लिए प्रार्थना की और कब्रों पर आशीष प्रदान की। विश्वासियों ने अपने मृतजनों की कब्रों पर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाई तथा फूलों से कब्रों को सजाया।

कब्र पर्व के अवसर पर रांची के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद, फा आनंद डेविड खलखो रांची के पल्ली पुरोहित, फा दीपक बाड़ा, रांची पल्ली के सहायक पल्ली पुरोहित, फा रॉबिन प्रफुल टोप्पो, फा नीलम तिड़ू, फा इजेकिएल टोप्पो फा जॉर्ज मिंज, अन्य पुरोहितगण, धर्मबंधु, धर्मबहनें एवं हजारों की संख्या कैथोलिक विश्वासी उपस्थित रहे।

# चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें पदाधिकारीः सीईओ



मेट्रो रेज

**रांचीः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर सारी तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि प्रेजाइडिंग ऑफिसर के द्वारा मतदान के समय इस्तेमाल होने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन का 9 नवंबर को ट्रायल रन करा लें, जिससे मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

उन्होंने कहा कि सभी जिले में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें। मतदान के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर 100 एवं 200 मीटर की मार्किंग करा लें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और निष्पक्ष निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी चेकपोस्टों को एक्टिव रखें एवं रात्रि में भी गश्ती करते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाएं। उन्होंने कहा की जिले में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से सम्बन्धित सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा बलों की तैनाती, स्टेट बॉर्डर चेकपोस्ट, डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, वलनरेबल मैपिंग, अवैध सामग्री की जब्ती, पोस्टल बैलेट के लिए 12 ऊ फॉर्म का आवंटन, चुनाव कर्मियों की ट्रेनिंग एवं उनका रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टेशन की मार्किंग, मतदाता पर्ची का आवंटन आदि निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर वेबकास्टिंग से मॉनिटरिंग संबंधी एसओपी, मतदान दिवस को पेड हॉलिडे, मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त उपयोग में लाए जाने वाले अन्य 12 पहचान पत्रों के बारे में जागरूकता फैलाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ। नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपायुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## बड़ा तालाब की दुर्दशा के लिए सरकार व निगम जिम्मेवारः संजय सेठ



**रांचीः** सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने छठ पूजा की तैयारी को लेकर बड़ा तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बड़ा तालाब का पानी इस लायक भी नहीं है कि श्रद्धालु इसमें छठ कर सकें। तालाब के किनारे फैले कूड़े-कचरे व गंदगी की वजह से संक्रमण फैलने का भी खतरा है। इस स्थिति के लिए राज्य सरकार व रांची नगर निगम दोनों जिम्मेदार हैं। छठ महापर्व नजदीक है और राज्य सरकार व नगर निगम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि तालाब की साफ-सफाई के लिए मैंने चार माह पहले कोल इंडिया से 8 करोड़ की डोजियर मशीन दिलाने का प्रयास किया था। नगर निगम को इस पर पहल करने को कहा था, लेकिन अधिकारियों की अकर्मण्यता के कारण अब तक न तो मशीन आई, न ही तालाब साफ हो सका। अब छठ व्रती इसी गंदे पानी में छठ करेंगे। उन्होंने कहा कि तालाब का पानी हरा हो चुका है और इससे दुर्गंध आ रही है। छठ वर्ती इस पानी में कैसे पूजा करेंगे, यह सोचने की बात है। मौके पर चुन्नू मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ऋषभ, राहुल सिन्हा चंकी, लंकेश सिंह, राजीव सिंह, शक्ति रामायण सिंह, संजय जायसवाल, बबलू सोनी आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब ग्लोबल ने सदर अस्पताल में 1000 लोगों को कराया भोजन

**रांची :** फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल की ओर से सेवा भाव से लगातार भोजन का वितरण किया जा रहा है। क्लब द्वारा अस्पताल परिसर में लोगों के बीच भोजन बांटा गया। क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि क्लब के इस प्रोजेक्ट के चौथे चरण में आज करीब 1000 लोगों के बीच भोजन बांटा गया। कहा कि समाजसेवियों के प्रोत्साहन से इस कार्यक्रम को सफलता मिल रही है। प्रत्येक सप्ताह लोगों की संख्या बढ़ रही है, हमारा यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में संचालित होता है। समाजसेवियों के प्रति आभार जतायाः उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अस्पताल प्रबंधन, क्लब के सदस्यों और समाजसेवियों के प्रति आभार जताया। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने क्लब के पदधारियों के प्रति आभार जताया। क्लब के सचिव मनोज मिश्रा ने सदस्यों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण करना सराहनीय प्रयास है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया भाईदूज

### बहनों ने की भाई के लंबी उम्र की कामना

**रांचीः** भाईदूज के अवसर पर आज बहनों ने गोधन कूटा और उनके लिए मंगलकामनाएं की इस अवसर पर उनके लंबे उम्र की कामना की गोधन कूटा और भाई को तिलक लगाकर एवं रक्षासूत्र बांधकर प्रसाद में बूट कसैली खिलाया। वहीं भाई ने बहन को उपहार देकर उनका स्नेह और आशीर्वाद लिया।





## श्री श्याम प्रभु को अर्पित किया गया अन्नकुट का भोग

**रांचीः** श्री श्याम मंडल रांची के तत्वावधान पर शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक माह के पावन अवसर पर दिन के 11 बजे से 1 बजे फिर पुनः 4 बजे से संध्या 6 तक श्री श्याम प्रभु को अन्नकुट का भोग अर्पित किया गया। आज के भोग के मुख्य यजमान निर्मल मोदी अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को अंकुट का भोग अर्पित किया। सर्वप्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं मोदी परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया।

मौके पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय झ लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। अंकुट का भोग लेने के लिए भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। साथ ही श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को ठंडा शुद्ध जल बांट रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। आज के अंकुट का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। इस सफल बनाने में विकाश पाड़िया, प्रमोद बगड़िया, बिनोद सारस्वत, अजय साबू, विवेक ढांढनीयां, प्रियांश पोद्दार, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, राजेश सारस्वत व नितेश लखोटिया शामिल थे।

# हर्षोल्लास के साथ बनायी गयी काली पूजा

मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के रातु क्षेत्र सिमलिया के नयाटोली में छात्र युवा संघ पूजा समिति के तत्वावधान में काली पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मां का भव्य पंडाल को फूलों व बिजली के लड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। दीपावली की रात मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। मां काली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खिचड़ी महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण किया गया। कई श्रद्धालु पूजा स्थल पर जाकर महाप्रसाद को ग्रहण किया। इस अवसर पर शुक्रवार की शाम बच्चों के बीच प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें बहुत सारे बच्चे पार्टिसिपेट किया। प्रतियोगिता में अव्वल बच्चों को कमिटी द्वारा पुरस्कार भेंट किया गया। वहीं




शनिवार की रात भक्ति जागरण कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर माता की प्रतिमा पर चढ़ावा चढ़ा कर किया गया। जिसमे कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत सुनाया गया। उक्त भजन को सुनकर भक्तगण भक्ति में झूम उठे। कलाकारों के गाने पर खुश होकर उपस्थित जनों ने कलाकारों को हौसला अफजाई करने के लिए बहुत सारे नगद इनाम भेंट किए ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह हटिया विधानसभा प्रत्याशी भरत कांशी साहू तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सोमनाथ पांडे जी, एवं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भरत कांशी जी ने उपस्थित लोगों को अभिनंदन करते हुए मां काली की पूजा के महत्व के बारे में बताया। तथा पूजा कमिटी के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता, भाईचारे के साथ आपसी सौहार्द बढ़ती है । इस तरह की आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे हिंदू समाज में सामंजस्य बना रहे। कहा कि मुझे क्षेत्र में जहां कहीं भी इस तरह की धार्मिक आयोजन एवं सामाजिक कार्यों में बुलाया जाता है, मैं निश्चित तौर पर उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की कोशिश करता हूं और मेरे द्वारा जो भी सहयोग बन पाता है, निश्चित रूप से सहयोग करता हूं। और जनता के हर सुख दुख में हमेशा खड़ा रहता हूं। वहीं सुनील कुमार सिंह ने मां काली से अपने परिवार, क्षेत्र, राज्य के साथ राष्ट्र की कुशलता के लिए कामना की। तथा काली पूजा कमेटी के सदस्यों को इस तरह की कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हौसला बढ़ाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सोमनाथ पांडे जी ने पूजा समिति के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा अपनी ओर से सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम को पूजा समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद विश्वकर्मा ने कहा कि पूजा समिति के सदस्यों तथा मोहल्ले वासियों के सहयोग से विगत 8 वर्षों से काली पूजा मनाते आ रहे हैं। यदि इसी तरह से पूजा कमेटी व मोहल्ले वासियों का सहयोग बना रहेगा तो हमेशा इस तरह की पूजा का आयोजन होते रहेगा। इस अवसर पर संजय सिंह, प्रवीण सिंह, राजेश सिंह, अजय सोनी, खुशहाल साव, बंधु साव, अनिल बर्नवाल, सुनील गुप्ता, रणधीर शर्मा, नवीन चौधरी, समाजसेवी रूबी सिंह, संजू झा सहित सैकड़ो महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे। तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र युवा संघ काली पूजा समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विकास शर्मा, कार्तिक महतो, कोषाध्यक्ष सौरभ सिन्हा,संचित शर्मा, सचिव मुन्ना शर्मा, प्रेम शंकर, संरक्षक विक्की कुमार, महेंद्र जायसवाल, अंकित शर्मा, विशाल सिंह, राजा, जय केसरी, सदस्य सोनू, जितेंद्र, राजू, रोहित, दीपक, प्रतीक, राजा, पंकज, गोलू, रिंकू सिंह के साथ मोहल्ले वासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# भाई दूज : भाई–बहन के जीवन में सुरक्षा एवं सुख की कामना का पर्व

भाई दूज हिन्दू समाज में भाई–बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है, बहन के द्वारा भाई की रक्षा के लिये मनाये जाने वाले इस पर्व को हिन्दू समुदाय के सभी वर्ग के लोग हर्ष उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व पर बहनें अपने भाई को टीका लगाकर उनके जीवन रक्षा, दीघार्यु व समृद्धि की कामना करती हैं।

भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। जिस तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था, उस तिथि के दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का उत्तम भोजन करता है उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह, प्रेम, आत्मीयता का द्योतक है। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो। इस दिन भाई को अपने घर पाकर बहन अत्यन्त प्रसन्न होती है अथवा किसी कारण से भाई नहीं आ पाता तो स्वयं उसके घर चली जाती है।



भाई दूज हिन्दू समाज में भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है, बहन के द्वारा भाई की रक्षा के लिये मनाये जाने वाले इस पर्व को हिन्दू समुदाय के सभी वर्ग के लोग हर्ष उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व पर जहां बहनें अपने भाई को टीका लगाकर उनके जीवन रक्षा, दीघार्यु व सुख समृद्धि की कामना करती हैं तो वहीं भाई भी सगुन के रूप में अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट देने से नहीं चूकते। हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इन्हीं त्यौहारों में भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को दशार्ता यह एक अनूठा त्यौहार है। भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के टीका लगाने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है। इस पर्व से भाई-बहन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। भाई और बहन के रिश्ते को यह फौलाद-सी मजबूती देने वाला है। आदर्शों की ऊंची मीनार है। सांस्कृतिक परंपराओं की अद्वितीय कड़ी है। रीति-रिवाजों का अति सम्मान है।

इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं।

इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'। एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। कहीं-कहीं इस दिन बहनें भाई के सिर पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारती हैं और फिर हथेली में कलावा बांधती हैं। भाई का मुंह मीठा करने के लिए उन्हें माखन मिस्री खिलाती हैं। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं। इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। ऐसी भी मान्यता है कि यदि बहन अपने हाथ से भाई को भोजन कराये तो भाई की उम्र बढ़ती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। इस दिन बहनें भाइयों को चावल खिलाती है। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चौकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। भैया दूज के बहाने स्वजनों और भाइयों से भेंट की भावना छिपी होती थी। सभी शादीशुदा लड़कियां अपने ससुराल में भाई को बुलाती है और खूब सत्कार करती है।

भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और तिलक के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की। क्योंकि भैया दूज महज तिलक लगाने एवं उपहार देने की परंपरा नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है। बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता। ये कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती। आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा।

**– ललित गर्ग**

## वजन कम करने के चक्कर में करते हैं मील स्किप, तो पहले जान लें इसके नुकसान



आज के समय में अधिकतर लोग अपने बढ़ते वजन की वजह से परेशान रहते हैं और इसे कम करने के लिए कई तरह की जद्दोजहद करते हैं। अक्सर अपने कैलोरी काउंट को बनाए रखने के लिए वे मील स्किप करते हैं। इसे कैलोरी बैलेंस करने का एक आसान तरीका समझा जाता है। लेकिन अगर आप मील स्किप करके हेल्दी लाइफ जीने का सपना देख रहे हैं तो वास्तव में आप बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। मील स्किप करके आपको शॉर्ट टर्म में भले ही कुछ फायदा मिले, लेकिन वास्तव में आप अपनी हेल्थ को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मील स्किप करना कई मायनों में सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

**मेटाबॉलिज्म होता है स्लो**

जब आप मील स्किप करते हैं तो इसका सबसे पहला प्रभाव आपके मेटाबॉलिज्म पर पड़ता है। दरअसल, भोजन छोड़ने से आपका शरीर ‘भूखमरी मोड’ में जा सकता है, जिससे एनजी बचाने के लिए आपका मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है। इसका मतलब है कि आप दिन भर में कम कैलोरी जला पाएंगे, जिससे लंबे समय में वजन कम करना मुश्किल हो सकता है।

**मूड स्विंग और चिड़चिड़ापन**

मील स्किप करने का नेगेटिव असर आपकी मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। भूख किसी को भी चिड़चिड़ा बना सकती है। मील स्किप करने से मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और तनाव का स्तर बढ़ सकता है। जब आपके साथ ऐसा होता है तो इससे आपका फोकस भी बिगड़ता है और आपके लिए अपने दैनिक काम करना भी अधिक मुश्किल हो जाता है।

**क्रेविंग बढ़ना**

बहुत से लोग अपने कैलोरी काउंट को बनाए रखने के लिए मील स्किप करते हैं। लेकिन ऐसा करने से वास्तव में बिल्कुल उलटा होता है। जब आप मील स्किप करते हैं तो इससे आपको बहुत तेज भूख लगती है और साथ ही साथ, आपकी क्रेविंग्स भी बहुत अधिक बढ़ती हैं। इस स्थिति में आपका माइंड कुछ हैप्पी फूड खाने की इच्छा करता है। अधिकतर यह देखने में आता है कि मील स्किप करने के बाद अगले मील में लोग फ्राइड, मीठा या फिर कुछ अनहेल्दी खाते हैं।


**पोषक तत्वों की कमी होना**

भोजन से ही आपको आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, लेकिन जब आप मील स्किप करते हैं तो इससे शरीर को ठीक से काम करने के लिए आवश्यक विटामिन और खनिजों की कमी हो सकती है। समय के साथ, इससे आपको कमजोर हड्डियां, एनर्जी कम होना और यहां तक कि कमजोर इम्यून सिस्टम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**– एम जैन**

डिस्क्लेमर : इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## सेंसेटिव स्किन को इस तरह से करेंगे एक्सफोलिएट तो नहीं होगी जलन



स्किन की केयर करने के लिए सिर्फ उसे क्लीन या मॉइश्चराइज करना ही काफी नहीं है। बल्कि आपको महीने में कम से कम दो बार उसे एक्सफोलिएट भी करना होता है। जब आप अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं तो इससे ना केवल डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने में मदद मिलती है, बल्कि आपकी स्किन अधिक स्मूथ व इवन टोन नजर आती है। यह सच है कि स्किन के लिए एक्सफोलिएशन जरूरी है, लेकिन एक्सफोलिएशन के दौरान आपको अपनी स्किन टाइप का भी ध्यान रखना होता है। मसलन, अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको स्किन एक्सफोलिएशन के दौरान समस्या होती होगी। हालांकि, कुछ छोटे-छोटे टिप्स आपके बेहद काम आ सकते हैं-

**सही एक्सफोलिएंट का करें चयन**

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में स्किन को एक्सफोलिएट करते समय आपको इंग्रीडिएंट को लेकर थोड़ा अधिक सजग होना चाहिए। हमेशा ही नेचुरल व माइल्ड इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करें। सेंसेटिव स्किन के लिए लैक्टिक एसिड और मैंडेलिक एसिड अच्छे विकल्प माने जाते हैं। आप एक सूदिंग एक्सपीरियंस के लिए ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे फाइन और नेचुरल स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**जरूर करें पैच टेस्ट**

अगर आप पहली बार किसी एक्सफोलिएंट का इस्तेमाल कर रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि इससे आपकी स्किन को किसी तरह की एलर्जी या इरिटेशन की शिकायत तो नहीं हो रही है। कभी भी किसी नए स्क्रब को सीधे अपने पूरे चेहरे पर नहीं लगाना चाहिए।

**ना करें ओवर एक्सफोलिएट**

कई बार हम जल्दी और बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए स्किन को ओवरएक्सफोलिएट करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो आपको यह गलती करने से बचना चाहिए। सेंसेटिव स्किन के लिए आठ से दस दिन में एक बार एक्सफोलिएशन करना पर्याप्त होता है। जरूरत से ज्यादा एक्सफोलिएशन करने से आपकी स्किन से नेचुरल ऑयल निकल सकता है और जलन हो सकती है।

**एक्सफोलिएट करने के बाद करें मॉइश्चराइज**

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपको इसका खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। अपनी सेंसेटिव स्किन को एक्सफोलिएट करने के बाद आपको हमेशा अच्छे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। यह ना केवल आपकी स्किन को हाइड्रेट करने के साथ-साथ एक बैरियर बनाने में मदद करता है, जिससे यह नरम और पोषित रहती है।

**– मिताली जैन**

## ओडिशा के घाटगांव की इन जगहों पर घूम आइए आप, यहां की खूबसूरती देख झूम उठेंगे

ओडिशा में मौजूद जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। हर रोज इन मंदिरों के लिए दर्शन के लोग ओडिशा पहुंचते हैं। यह खूबसूरत राज्य बंगाल की खाड़ी के पास मौजूद है।



ओडिशा देश का सबसे प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से ओडिशा भारत का 10वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। ओडिशा में मौजूद जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। हर रोज इन मंदिरों के लिए दर्शन के लोग ओडिशा पहुंचते हैं। यह खूबसूरत राज्य बंगाल की खाड़ी के पास मौजूद है। इसलिए इस राज्य को एक्सप्लोर करने के लिए हर महीने हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। ओडिशा की धरती पर मौजूद घाटगांव एक ऐसी ही जगह है, जिसको राज्य का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घाटगांव और इसके आसपास मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मां तारिणी मंदिर

ओडिशा के घाटगांव में किसी फेमस जगह पर घूमने की बात होती है, तो कई लोग मां तारिणी मंदिर का नाम सबसे पहले लेते हैं। यह मंदिर सिर्फ इस शहर ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में फेमस है।

तारिणी मंदिर दो जुड़वा देवियों तारा और तारिणी को समर्पित है। बता दें कि इस मंदिर को प्रथम पूज्य 4 आदि शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। इस ओडिशा राज्य का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा देखे जाने वाला शक्तिपीठ है। यहां पर सालाना 40 करोड़ रुपये से भी अधिक का नारियल चढ़ावे में चढ़ जाता है।

### घाटगांव फॉरेस्ट रेंज


घाटगांव फॉरेस्ट रेंज यहां का सबसे फेमस पर्यटन स्थल है। यह जगह घने जंगल, कई विलुप्त पेड़-पौधे, घास के मैदान और झील झरनों के लिए जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी हसीन खजाने से कम नहीं है।

घाटगांव फॉरेस्ट रेंज सिर्फ प्रकृति प्रेमियों के लिए ही नहीं बल्कि एडवेंचर के शौकीन लोगों के लिए बेहतरीन जगह है। वीकेंड पर कई लोग यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग के लिए पहुंचते हैं। मानसून और सर्दियों में यहां की खूबसूरती चरम पर होती है।

### सनाघागरा वॉटरफॉल

घाटगांव से कुछ दूरी पर सनाघागरा वॉटरफॉल मौजूद है। यह एक बेहद शानदार स्पॉट है। यह वॉटरफॉल एक पार्क के अंदर स्थित है। इस पार्क को इको टूरिस्ट स्पॉट के नाम से जाना जाता है। इस पार्क को भी प्रकृति प्रेमियों के लिए खास माना जाता है। इको टूरिस्ट स्पॉट में मौजूद सनाघागरा वॉटरफॉल में जब 50 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है, तो यहां का नजारा देखने लायक होता है। वहीं यहां की हरियाली भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। वीकेंड पर सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य से भी लोग यहां पर घूमने के लिए आते हैं।

### सिमलीपाल नेशनल पार्क




ओडिशा के मयूरभंज में स्थित सिमलीपाल नेशनल पार्क भारत का एक फेमस पार्क है। सिर्फ ओडिशा के ही नहीं बल्कि देश के हर कोने से लोग सिमलीपाल नेशनल पार्क घूमने के लिए पहुंचते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

यह नेशनल पार्क हाथियों के लिए जाना जाता है। इस कारण इसे हाथी अभ्यारण्य भी कहा जाता है। हाथी के अलावा यहां पर आपको तेंदुआ, भौंकने वाला हिरण, सांभर, गौर, जंगली बिल्ली, जंगली सूअर और चार सींग वाला मृग भी देखने को मिलेगा। आप यहां पर जंगल सफारी का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

### ऐसे पहुंचें घाटगांव

बता दें कि घाटगांव पहुंचना बेहद आसान है। घाटगांव जाने के लिए आप ओडिशा के किसी भी शहर से पहुंच सकते हैं। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से घाटगांव करीब 165 किमी और कटक से करीब 147 किमी दूर है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## नबालिग की करंट लगने से मौत



**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के मसकलिया निवासी स्वर्गीय मानिक मंडल की 15 वर्षी पुत्री रेणु कुमारी को करंट लगने से मूर्छित हो गई ।स्वजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ने बताया कि मृतक रेणु कुमारी खेत से परवल लेकर आई थी। उसके बाद नहाने गई नहाने से आने के बाद कपड़ा गीला था ।लाइन के लिए स्विच लगाया जिससे करंट लग गया ।

## पटाखा फोड़ने के विवाद में मारपीट ,घायल

**साहिबगंज :**नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना स्थित दुर्गा मंदिर के समीप निवासी पंकज पाण्डेय को पटाखा फोड़ने पर विवाद में मारपीट घायल कर दिया । घायल पंकज ने मारपीट की शिकायत नगर थाना पुलिस से किया जहां नगर थाना पुलिस ने घायल पंकज को इलाज के लिए सदर असपताल भेज दिया। पंकज ने बताया की मेरे घर के पास कुछ युवक शुक्रवार की रात्रि पताखा फोड़ रहे थे जब इसका विरोध किया तो उन लोगों ने गली गलौज करते हुऐ मारपीट किया जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई।

## तोपचांची में फल दुकान में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**धनबाद :** तोपचांची बाजार स्थित रवि साव की फल दुकान में शुक्रवार की देर रात अचानक आग लग गई। आग से दुकान में रखी हजारों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया गया कि रवि साव रात में दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। आग लगने की सूचना मिलने पर वह आनन-फानन में दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान में रखे ज्यादातर सामान जल गए हैं। आग लगने के कारणों का पता अब तक नहीं चल पाया है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही टुंडी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विकास महतो शनिवार को दुकान पहुंचे और दुकानदार से मिलकर घटना की जानकारी ली।

## जनरेटर पार्ट्स की चोरी करते युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया



**धनबाद:** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जियलगढ़ा स्थित बंद पड़े शिवम कोल डिपो में जनरेटर के पार्ट्स की चोरी करते एक युवक को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए युवक इम्तियाज अंसारी को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने बताया कि इम्तियाज अंसारी खुद को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का पत्रकार बता रहा है। वह धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र के बहगडा गांव का निवासी है। वर्तमान में वह अपनी ससुराल गोविंदपुर के गायडेहरा में रहता है। बंद डिपो के मैनेजर राहुल सिंह की लिखित शिकायत पर इम्तियाज अंसारी के अलावा गायडेहरा के रहीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, टुन्नू तुरी व कुरैशी नगर के साजिद अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल से जनरेटर का सामान, क्रेक सेफ्ट, फ्लाईविल, मेन बॉडी, पार्ट्स खोलने के काम आने वाले रिंच, हथौड़ी व तीन बाइक बरामद की गई हैं। कांड में शामिल अन्य चार आरोपी भागने में सफल रहे। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## गिरिडीह में 20 किलो का आईईडी बम बरामद

**गिरिडीह :** जिले की सीमा से सटे गुरुवाद गांव मे एक पुलिया के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखे गये 20 किलोग्राम का आईईडी बम बरामद किया गया है। बताया गया कि खुफिया एजेंसी से प्राप्त सूचना के आधार पर इलाके में गिरिडीह एवं जमुई पुलिस ने सीआरपीएफ के सहयोग से सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान बीती देर रात एक कंटेनर मे पलान्ट कर रखा गया बम बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से भाकपा माओवदियों ने बम का पलान्ट कर रखा था। बताया गया कि आज सुबह बरामद बम को एक जंगल मे निष्क्रिय कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बम मिलने की घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

## रामगढ़ में एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर से चल रहे दो वाहन जब्त

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाने में 23 अक्टूबर को फर्जी दस्तावेज के आधार पर गाड़ी चलाने के संदेह पर दो पिकअप वैन को जब्त किया गया था। वाहन संख्या ( जेएच 02 वाई 5642 ) और ( जेएच 01 बीजी 2718 ) दो पिकअप वैन मुर्गी व्यवसाई गुलाम सरवर उर्फ बीरबल खान की दुकान से पुलिस ने जब्त किया था। जांच के दौरान पता चला कि गुलाम सरवर उर्फ बीरबल खान मुर्गी गाड़ी चलाता था और उसी रजिस्ट्रेशन नंबर से दूसरी गाड़ी यात्रियों को ढोती है। एक गाड़ी रामगढ़ में चल रही है तो दूसरी गाड़ी हजारीबाग और चतरा के बीच चलाई जा रही है। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पिछले 10 दिनों से फर्जी दस्तावेज के आधार पर गाड़ियों के परिचालन को लेकर जांच की जा रही है। दोनों जब्त गाड़ियों के नंबर के आधार पर परिवहन विभाग से जांच कराई गई है, जिसमें यह स्पष्ट हुआ है कि रजिस्ट्रेशन नंबर से उनके इंजन और चेसिस नंबर मैच नहीं कर रहे हैं।

# विस चुनाव 2024 : अंतरराज्यीय चेक नाके पर जांच के क्रम में अब तक 35 लाख से अधिक जब्त

मेट्रो रेज




**साहिबगंज:** विधानसड्ढा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने विधानसभा चुनाव की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि राजमहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 14 अभ्यर्थी, 02-बोरियो अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 15 अभ्यर्थी, 03 -बरहेट अ०ज०जा० 09 अभ्यर्थी अपने- अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं।उन्होंने बताया गया कि राजमहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 355763 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें पुरुषों की संख्या 181493, महिलाओं की संख्या 174296, है। 02बोरियों अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 284593 मतदाता मतदान करेंगे जिसमें पुरुषों की संख्या 141149, महिलाओं की संख्या 143440, थर्ड जेंडर की संख्या 04 है। बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 225885 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें पुरुषों की संख्या 110077, महिलाओं की संख्या 115807, थर्ड जेंडर की संख्या 01 है। इस प्रकार तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कुल 866240 मतदाता मतदान करेंगे।उन्होंने बताया कि 01- राजमहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 5892 पीडब्लूडी मतदाता हैं।बोरियो अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 4964 सीडब्ल्यूडी मतदाता हैं, 03-बरहेट अ०ज०जा०विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3840 सीडब्ल्यूसडीमतदाता हैं।तीनो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 4665 मतदाता 80+आयु के है। जिनमें 01 राजमहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2094 मतदाता हैं। 02 बोरियो अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1488 मतदाता हैं। बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1083 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि अंतरराज्यीय चेक नाका पर जांच के क्रम में जब्ती में से अबतक जब्त की गई राशि -23,10,640।00 रुपए रही। वहीं अंतरराज्यीय चेक नाका पर जांच के क्रम में जब्ती में से अबतक विमुक्त की गई राशि -12,23,600।00 रुपए रहीं।उन्होंने बताया कि दिनांक 05 नवम्बर से 09 नवम्बर तक पूर्वाहन 7:00 से अपराह्न 5:00 बजे तक प्रथम फेज अन्तर्गत पोस्टल बैलेट से मतदान प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए 09 मतदान सुविधा केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है। जिनमे सुविधा केंद्र एफसी समाहरणालय परिसर उत्तरी भाग समाहरणालय परिसर दक्षिणी भाग पुलिस लाईन पूर्व भाग पुलिस लाइन पश्चिमी भाग मनोरंजन भवन कमांडेंट ऑफिसर जेएपी 9 अवस्थित भवन, जिला पंचायती राज कार्यालय, सिद्धो कान्हू सभागार परिसर उत्तरी भाग, सिद्धो कान्हू सभागार परिसर दक्षिणी भाग विकास भवन में बनाए गए हैं। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थें।

## चोरी के मोबाइल के साथ युवक पकड़ाया, प्राथमिकी दर्ज

जसीडीह : जसीडीह बस स्टैंड से पुलिस ने देर रात एक युवक को चोरी के मोबाइल के साथ पकड़ा। पुलिस ने साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी आरोपी रोशन कुमार के पास से 10 मोबाइल बरामद किये हैं। घटना के संबंध में एसआइ देवनाथ उरांव ने थाना में आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्ज मामले में कहा है कि वह शुक्रवार की देर रात को जवान के साथ क्षेत्र में गश्ती कर रहा था। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि बस स्टैंड पर कुछ लड़के संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही उक्त स्थान पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। इस दौरान देखा कि एक बस पर सवार युवक पुलिस को देखते ही ड्डागने लगा। जिसे पुलिस ने दौड़ कर पकड़ा। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया गया। जहां आरोपी की तलाशी ली गयी, तो उसके बैग से 10 मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मोबाइल के बारे में पूछताछ की गयी, तो आरोपी द्वारा किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गयी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिसकर्मियों ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

## चुनाव में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील

मेट्रो रेज

**देवघर :** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए नगर थाने की पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया। मुख्य बाजार से लेकर क्षेत्र के हर गली-मुहल्ले सहित प्रमुख चौक-चौराहे से होकर फ्लैग मार्च गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान मतदाताओं से अपील की गयी कि क्षेत्र में मतदान को लेकर किसी प्रकार का बहस नहीं करें। साथ ही शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने का संदेश दिया गया। जानकारी हो कि आगामी 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव का मतदान होगा। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए नगर थाने से टावर चौक, आजाद चौक, बड़ा बाजार होकर शिक्षा सभा चौक, चांदनी चौक, लक्ष्मीपुर चौक, शिवगंगा गली, झौसागढ़ी, बैजनाथपुर चौक, बिलासी, रांगा मोड़, भुरभुरा चौक, बाइपास सर्कुलर रोड, झौसागढ़ी, हदहदिया पुल, पंडित शिवराम झा चौक, जलसार पार्क, आरके मिशन चौक, विलियम्स टाउन, बरमसिया, बाजला चौक, पुराना मीना बाजार चौक, बजरंगी चौक के अलावा शहर के अन्य गली, मुहल्लों में फ्लैग मार्च कर पुलिसकर्मियों ने आमलोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस दौरान मतदाताओं से अपील की गयी कि क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखें। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को कानून का पालन करने का भी आग्रह किया गया। फ्लैग मार्च में नगर थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित एसआइ ओपी सिंह, जिला बल व आइटीबीपी के जवान शामिल रहे।

# होंदगा गांव के लोग वोट बहिष्कार पर अड़े, सड़क नहीं तो वोट नहीं

- सड़क-पुल-पुलिया का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

मेट्रो रेज

**लोहरदगा:** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परहेपाट पंचायत के होंदगा गांव के लोग विगत दिनों से बहिष्कार पर अड़े हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन के साथ बैठक की। लेकिन नतीजा शून्य निकला। अब भी ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े हैं। ग्राम प्रधान करमू मुंडा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि जब-तक रोड और पुल-पुलिया का निर्माण नहीं कराया जाता है, तब-तब आगामी विधानसभा चुनाव में होंदगा गांव के लोग वोट नहीं करेंगे। ग्रामीणों का कहना है लंबे समय से किस्को से होंदगा गांव और कुजरा को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य पथ जर्जर हालत में है। साथ ही बरसात में कुजरा पुल भी आधा धंस चुका है। इसकी वजह से गांव वालों को प्रखंड और जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस अब तक किसी ने कोई पहल नहीं किया। इससे आहत होकर होंदगा गांव के लोगों ने विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।



### झूठा आश्वासन देकर चले जाते हैं और जीतने के बाद झांकने तक नहीं आते : ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान एनडीए और यूपीए दल के प्रत्याशियों के अलावा अन्य दल आते हैं और जीतने पर गांव का चहुंमुखी विकास करने का झूठा आश्वासन देकर चले जाते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वे यहां झांकने तक नहीं आते हैं। उनका कहना है कि पांच साल सिर्फ इनके आश्वासन तले दबकर गांव वाले रह जाते हैं। लेकिन इस बार इन्हें सबक सिखाने के लिए गांव वाले एकजुट हो गये हैं। सभी ने वोट बहिष्कार करने के लिए कमर कस ली है। मौके पर उप मुखिया सुधीर लाल नाथ शाहदेव, ग्राम प्रधान करमू मुंडा, मेराज अंसारी, फैजुल रशीद, अहमद रजा, जमाल अंसारी, रामदेव उरांव, रॉबिन लाल, लाल धनंजय नाथ शाहदेव, तौफीक अंसारी, सरफराज अहमद, सनम अंसारी, शंकर साहू, अब्बास अंसारी, जहुर अंसारी, सहमुद अन्सारी, नरेश साहू, एकराम अंसारी, शमीम अंसारी, असलम अंसारी, बेला उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेट की खातिर रस्सी पर तमाशा दिखाने को मजबूर मासूम

करते हैं परिवार का भरण-पोषण

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/मंडरो:** खेलने-कूदने और पढ़ाई-लिखाई की छोटी सी उम्र में बच्चियां मौत के खेल का करतब दिखाने को मजबूर हैं। 8 से 10 फीट की ऊंची रस्सी पर चलकर बच्चियां हर किसी को दांते तले उंगली दबाने पर मजबूर कर देती हैं। पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करने वाली बच्चियों का करतब ही परिवार की आजीविका का साधन है। बुधवार गोड्डा जिला क्षेत्र के रेशम नगर भगैया में बच्ची ने मौत का हैरतअंगेज खेल दिखाया। बच्ची की उम्र छोटी और पढ़ने लिखने की है। मगर पापी पेट के लिए रस्सी पर काफी समय तक झूलकर बच्ची ने लोगों का मनोरंजन किया। लकड़ियों के सहारे रस्सी पर मौत का खेलः मौत का खेल शुरू करने से पहले तमाश दिखाने वाले परिवार ने सड़क किनारे कीला ठोका। लकड़ियों के सहारे रस्सी बांधकर बच्ची को चढ़ा दिया। रस्सी को मासूम बच्ची एक हाथ में डंडा लेकर हिलाती रही, कभी तेज तो कभी धीरे, कभी सीधा चली तो कभी उल्टा, कभी जंप किया तो कभी कमर हिलाया। हैरतअंगेज करतब देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड लग गई। मौत का खेल आगे भी जारी रहा। बच्ची ने एक बार तो रस्सी पर स्टील की थाली को रखकर हैरान कर दिया।बच्ची का आत्मविश्वास देखकर लोग हैरान थाली पर पैरों के बैलेंस से बच्ची झूलती रही। बच्ची का रस्सी पर संतुलन गजब का दिखाई दिया। मानो जैसे जमीन पर बच्ची कदमताल कर रही हो। खेल तमाशा दिखानेवाले परिवार के लिए मौत का खेल एक कला है। मौत का खेल खत्म होने के बाद बच्ची को लोगों ने मेहनत का फल दिया।

## सोलबंघा पोलमा निवासी रामनाथ मुर्मू को अपराधियों ने मारी , मौत

**साहिबंगज :**जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोलबंधा में जमीनी विवाद को लेकर सोलबंघा पोलमा निवासी रामनाथ मुर्मू 50 वर्ष को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ममले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है पूर्व में भी कुछ लोगों द्वारा रामनाथ मुर्मू को जान मारने की धमकी दी गई थी। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि सोलबंघा पोलमा निवासी रामनाथ मुर्मू अपने घर में था।

# ट्रेन से तीस हजार का अवैध शराब जब्त

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :**आरपीएफ अवैध शराब तस्करों के मंसूबे को लगातार नाकाम करते आ रहे है। जिससे तस्करों में हड़कंप मची हुई है। बावजूद इसके अवैध शराब तस्कर चोरी छीपे तस्करी करने के फिराक में रहते है। इसी मंसूबे को पुनः बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सूझ बूझ के साथ पुनःनाकाम कर दिया है।आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा संजीव कुमार ने बताया कि अपनी टीम हेडकंस्टेबल पिनाकी सरकार,कांस्टेबल चंदन कुमार राम,कांस्टेबल जितेंद्र कुमार यादव,कांस्टेबल अमरेश कुमार और कांस्टेबल रामशंकर कुमार के साथ ट्रेन नंबर 03425 पुणे फेयर स्पेशल ट्रेन में जब ट्रेन न्यू फरक्का स्टेशन से खुली तो जनरल कंपार्टमेंट में छापामारी किया। छापेमारी के दौरान जब ट्रेन के जनरल कंपार्टमेंट नंबर ईआर/131321को चेक कर रहे थे तो एक सीट के नीचे दो बैग संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले। जिसके बारे में बैठे पैसेंजर्स से पूछताछ किया गया तो सड्ढी ने इस दोनो बैग के बारे में अनड्डिज्ञता जाहिर किया। जब दोनो बैग को खोल कर चेक किया गया तो दोनो बैगो में रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की के बॉटल मिले।उसके बाद जब ट्रेन बरहरवा स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 01 पर आई तो उन दोनों बैगों को प्लेटफार्म पर उतारा गया और बैगों की जांच करने पर 750 एमएल के कुल 38 रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की के बॉटल मिले। जिसकी प्रत्येक बॉटल की कीमत 780 रुपए है। कुल 38 बॉटल में से1 काले रंग के बैग में 19 बॉटल और दो विमल पान मसाला के बैग में 19 बॉटल मिले।सड्ढी 38 बॉटल को प्लेटफार्म पर ही अनक्लेम्ड जब्त किया गया और एक्साइज इंस्पेक्टर साहेबगंज को आगे की कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।सभी जब्त किए गए बॉटल की कुल अनुमानित कीमत-29,640 है। इस दौरान बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।साथ में लगाएं

## 54 बोतल शराब के साथ बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार



साहिबगंज/मंडरो : विधानसभा चुनाव को लेकर भगैया चेकपोस्ट पर लागातार चेकिंग अभियान में मिर्जाचौकी पुलिस ने भगैया अस्थाई चेक पोस्ट पर जांच के क्रम में 54 बोतल आर एस शराब के साथ एक बाइक समेत तस्कर को गिरफ्तार किया। मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोकने का इशारा किया गया। बाइक सवार व्यक्ति भागा जा रहा था तब-तब चेक पोस्ट पर तैनात सिपाही द्वारा वाहन को पीछा कर बाइक समेत एक व्यक्ति को दो पेंटी शराब सहित धर दबोचा युवक के पास मौजूद बोरा के अंदर दो पेटी मिजाचौकी पुलिस शराब बरामद किया।शराब के साथ गिरफ्तार युवक की पहचान मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के कौड़ी खुटाना भगैया गांव निवासी राजीव कुमार राम स्वर्गीय पिता राम प्रसाद राम के रूप में हुई। तस्करी में प्रयुक्त बाइक को जब्त करते हुए गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। मौके पर मजिस्ट्रेट अशोक सिंह, मिर्जाचौकी पुलिस मौजूद थे।

# कार्तिक आर्यन को नहीं मिला सच्चा प्यार



**बॉलीवुड अभिनेता** कार्तिक आर्यन इस समय अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। 'भूल भुलैया 3' इस दिवाली 1 नवंबर को रिलीज हो गई है। इस दौरान कार्तिक आर्यन अपने रिश्ते के बारे में बात करते हैं और कहते हैं कि जब सच्चा प्यार पाने की बात आती है तो उनकी किस्मत खराब होती है। कार्तिक आर्यन का नाम कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के साथ जुड़ चुका है। इस लिस्ट में कृति सेनन, अनन्या पांडे और सारा अली खान का नाम शामिल है। हालाँकि, कार्तिक आर्यन ने हाल ही में खुलासा किया कि वह सिंगल हैं और उन्हें कभी सच्चा प्यार नहीं मिला।

हाल ही में एक इंटरव्यू में कार्तिक आर्यन ने 33 साल की उम्र में सिंगल रहने के पीछे की वजह का खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि भविष्य में मुझे यह मिल जाए और हो सकता है कि मैं आज तक उतना भाग्यशाली नहीं हूं।' आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब कार्तिक ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की है। इससे पहले एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया था कि वह किसी को डेट नहीं कर रहे हैं।

### 'आप प्यार नहीं खरीद सकते...'

इससे पहले दिए इंटरव्यू में कार्तिक आर्यन ने कहा, 'आप अपने काम की वजह से बहुत सीमित लोगों से मिलते हैं। आप अपना दिन वही काम करते हुए बिताते हैं। आप बहुत कुछ कमा सकते हैं और मशहूर हो सकते हैं, लेकिन एक बात तय है कि आप प्यार नहीं खरीद सकते। मैं किसी को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे रोमांटिक हीरो भी कहा जाता है, लेकिन मैं प्यार के मामले में बदकिस्मत हूं।

### 'भूल भुलैया 3'

अजय देवगन की सिंघम अगेन के साथ कार्तिक आर्यन स्टारर 'भूल भुलैया 3' सिनेमाघरों में आ चुकी है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 35.50 करोड़ की ओपनिंग की और अभिनेता के करियर की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म भी बन गई।

## दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने दिखाई बेटी की पहली झलक





रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बॉलीवुड में फैंस की पसंदीदा जोड़ियों में से एक हैं। दोनों को 8 सितंबर को कन्या की प्राप्त हुई। अब दिवाली के शुभ मौके पर उन्होंने पहली बार अपने फैंस के साथ बच्ची की झलक शेयर की है। इस कपल ने सोशल मीडिया पर अपनी बेटी की बेहद प्यारी फोटो शेयर की और उसका नाम भी बताया।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी बेटी की पहली फोटो शेयर की है। हालांकि इस फोटो में कपल की बेटी का चेहरा तो नजर नहीं आ रहा है, लेकिन उसके छोटे-छोटे पैर दिखाए हैं।

दिवाली के मौके पर रणवीर-दीपिका ने अपनी बेटी की इस खूबसूरत तस्वीर को शेयर करते हुए उसका नाम भी बताया है। रणवीर-दीपिका ने अपनी बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। फोटो शेयर करते हुए कपल ने कैप्शन दिया, 'दुआ पादुकोण सिंह, 'दुआ': का मतलब प्रार्थना है.. क्योंकि यह हमारी प्रार्थनाओं का जवाब है। हमारे दिल प्यार और कृतज्ञता से भरे हुए हैं। दीपिका और रणवीर'

### आलिया भट्ट की प्रतिक्रिया

अब दीपिका पादुकोण की पोस्ट पर उनके प्रशंसक प्यार बरसा रहे हैं। पोस्ट को कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स मिल गए। इस फोटो पर यूजर्स के साथ-साथ सेलेब्स भी कमेंट कर रहे हैं। दीपिका की बेस्टी आलिया भट्ट ने भी इस पर कमेंट किया और कई रेड हार्ट इमोजी शेयर किए।

वर्कफ्रंट : वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आ रहे हैं। जो 1 नवंबर को रिलीज हुई है।

## एचआईएल : दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए इंग्लैंड की मिडफील्डर और महिला हॉकी सुपरस्टार लिली ओवस्ले के साथ करार किया है। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को उक्त घोषणा की।

लिली ओवस्ले एक बेहद प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं।

ओवस्ले महिला टीम से 28 वर्षीय डच मिडफील्डर जान डे वार्ड की जगह लेंगी, जिन्होंने निजी कारणों से एचआईएल के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम के कोच डेव स्मोलेनर्स ने कहा, 'जान डे वार्ड, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, को खोना टीम के लिए एक झटका है। लेकिन 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले को उनकी जगह लेने में सक्षम होना एक बड़ी राहत है।' उन्होंने कहा,'वह टीम को उसकी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए अपने अनुभव, नेतृत्व और तेज गति के खेल का उपयोग करेंगी।'

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता होने के अलावा, ओवस्ले ने 2022 और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत भी जीता है। उनके पास दो यूरोपीय चैम्पियनशिप पदक भी हैं, 2015 लंदन में स्वर्ण और 2017 एम्सटेलवीन, नीदरलैंड में कांस्य।

एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया और एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के सीईओ, महेश भूपति ने ओवस्ले का टीम में स्वागत किया।

उन्होंने कहा, 'लिली का शामिल होना पाइपर्स के लिए शानदार है और मैं उनका टीम में स्वागत करता हूँ। अपने खाते में दो ओलंपिक पदक होने के साथ, वह हमारे लिए अपने साथ बहुत सारा अनुभव लेकर आई हैं जो हमारे लिए बहुत मददगार होगा। वह अपने कौशल और क्षमताओं से खेल को नियंत्रित कर सकती हैं, और एक आक्रामक मिडफील्डर के रूप में उनकी भूमिका दिल्ली एसजी पाइपर्स टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' दिल्ली एसजी पाइपर्स का स्वामित्व एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के पास है।

## हाइलो ओपन 2024 : मालविका फाइनल में पहुंचीं, आयुष शेट्टी सेमीफाइनल में हारे

एजेंसी

**सारब्रुकेन (जर्मनी)।** उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने शनिवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 टूनामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त मालविका ने 44 मिनट तक चले मैच में जैकबसेन को 23-21, 21-18 से हराया। मालविका खिताबी मुकाबले में डेनमार्क की सातवीं वरीयता प्राप्त मिया ब्लिचफेल्ड से भिड़ेंगी। लेकिन गैर वरीयता प्राप्त भारतीय शटलर आयुष शेट्टी के लिए यह निराशाजनक रहा क्योंकि वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के चौथे वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से हारकर बाहर हो गए।



विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने अच्छी शुरूआत की लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, उनकी लय ढीली होती गई और वे विश्व में 28वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 13-21 से हार गए। यह दोनों शटलरों के बीच पहली मुलाकात थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरे स्थान पर रहा।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स : सबालेंका से पहला मैच हारीं झेंग किनवेन

**रियाद।** चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रियाद में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपने पहले अभियान की शुरूआत हार के साथ की। किनवेन शनिवार को दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बेलारुस की आर्यना सबालेंका से 6-3, 6-4 से हार गईं। इस बीच, पर्पल ग्रुप के एक अन्य एकल मैच में, इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया। झेंग ने इस सीजन में सबालेंका का तीन बार सामना किया है, जिसमें पिछले महीने वुहान ओपन के फाइनल में तीन सेटों के कड़े मुकाबले सहित सभी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। अपने डब्ल्यूटीए फाइनल डेब्यू में आठ प्रभावशाली ऐस सर्व करने के बावजूद, झेंग प्रत्येक सेट में एक बार ब्रेक की गई और अंततः शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से हार गई। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर झेंग ने कहा, 'मैंने मैच में अपना लगभग 60-70% सर्वश्रेष्ठ दिया, और अभी भी सुधार करने के लिए कुछ विवरण हैं। एक बार जब मैं उन्हें सुधार लूंगी, तो मुझे विश्वास है कि मैं वास्तव में उसे चुनौती दे सकती हूँ। ऐसा लगा जैसे मैं चीन में वापस आ गई हूँ। उनके समर्थन ने मुझे बहुत ताकत दी।' अगले मैचों में झेंग का सामना शेष राउंड-रॉबिन ग्रुप स्टेज मैचों में रयबाकिना और पाओलिनी से होगा। उन्होंने कहा, 'मैं लक्षित




प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करूँगी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना टेनिस खेलूँ और अपनी शैली दिखाऊँ।' पाओलिनी, जो अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में भी भाग ले रही थीं, ने पहले सेट को एक करीबी टाईब्रेक में जीता और फिर दूसरे सेट के सातवें गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक का लाभ उठाते हुए रयबाकिना को हराया, जो दूसरे दौर से पहले यूएस ओपन से हटने के बाद से अपना पहला टूर मैच खेल रही थीं। डबल्स ग्रीन ग्रुप में शुरूआती दौर में दो रोमांचक वापसी देखने को मिली। निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज ने हसीह सु-वेई और एलीज मर्टेनस को 1-6, 6-1, 10-6 से हराया। इस बीच, कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-3, 11-9 से हराया।

## केरला ब्लास्टर्स एफसी पर जीत देगी मुम्बई सिटी के अभियान को गति

एजेंसी

**मुम्बई।** मुम्बई सिटी एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी आज शाम मुम्बई फुटबॉल एरिना में एक रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार हैं। ओडिशा एफसी के खिलाफ पिछला मैच ड्रॉ खेलने के बाद मुम्बई वापसी के लिए दृढ़ संकल्प हैं जबकि ब्लास्टर्स का लक्ष्य लगातार दूसरी हार से बचना होगा।

मुम्बई हाल ही में विपक्षी डिफेंस को भेदने के लिए जूझ रहे हैं, अपने पिछले दो घरेलू मैचों में से केवल एक गोल कर पाए हैं। लिहाजा, मुम्बई अपने आक्रामक फॉर्म पाने के लिए उत्सुक होंगे।

मुम्बई सिटी एफसी प्रति मैच 2.6 बड़े मौके बनाती है (आईएसएल में दूसरा सबसे अधिक), लेकिन अपने मौकों को गोल में बदलने की उनकी दर सबसे कम 15.4% है। यह मुकाबला उनके फिनिशिंग कौशल की परीक्षा होगा।



ब्लास्टर्स लगातार 10 मैचों में क्लीन शीट नहीं रख पाए हैं, इस अनचाहे सिलसिले को समाप्त करना चाहेंगे। मुम्बई के घरेलू लाभ और स्कोरिंग क्षमता उनकी डिफेंस की परीक्षा लेगी। ब्लास्टर्स बॉक्स के अंदर से 63.4% शॉट लगाते हैं और उनके हमलों की कमान नौहा सदौई के हाथों में होगी। आईएसएल में ये दोनों टीमें 20 बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से आइलैंडर्स ने नौ मैच जीते हैं जबकि ब्लास्टर्स को पांच जीत मिली है। छह मैच ड्रा रहे हैं।

स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टाहरे का मानना है कि टीम सही रास्ते पर हैं। वह व्यक्तिगत गलतियों से बचने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं, जो हाल के दिनों में टीम को परेशान कर रही हैं।

उन्होंने कहा, 'बेंगलुरू एफसी से घर पर हार के बाद हर कोई बहुत निराश था, लेकिन टीम को फिर से संगठित करना मुश्किल नहीं था। हम जानते हैं कि आगामी मैच कठिन होगा लेकिन हम ऊर्जावान और आशावादी हैं। मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं, हालांकि हार वास्तव में दर्दनाक थी, लेकिन फुटबॉल में कभी-कभी ऐसा होता है। हमने व्यक्तिगत गलतियां कीं और वे फुटबॉल का हिस्सा हैं, लेकिन गलतियों से सीखना महत्वपूर्ण है।'

मुम्बई अपने पहले पांच मैचों में से महज एक बार जीते हैं, जो कि आईएसएल 2024-25 में उनकी बेहद धीमी शुरूआत हैं। चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी भी मानते हैं कि यह मुम्बई सिटी एफसी के लिए आदर्श नजारा नहीं है, लेकिन वह हर मैच के साथ जो सुधार देख रहे हैं, उससे खुश हैं।

उन्होंने कहा, 'यह आदर्श परिस्थिति नहीं है और हमें सुधार करने की जरूरत है। हमारे स्तर के अनुसार, यह सीजन की धीमी शुरूआत है। लेकिन दूसरी ओर, हम हर मैच के साथ बेहतर हो रहे हैं।'

## बेन स्टोक्स के घर में चोरी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के घर में नकाबपोश चोरों ने चोरी की थी, जिसके बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। स्टोक्स उस समय टीम के साथ पाकिस्तान दौरे पर थे। इस सप्ताह की शुरूआत में, स्टोक्स ने एक्स से बात की और खुलासा किया कि उनके डरहम घर में चोरी हुई थी, जब वह टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर राष्ट्रीय टीम के साथ थे। उन्होंने लोगों से उनकी कीमती वस्तुओं की बरामदगी और चोरों को पकड़ने में मदद करने का भी



आग्रह किया।

चोरी के समय स्टोक्स की पत्नी क्लेयर और उनके दो बच्चे घर पर थे, जिसके बारे में इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि यह कई नकाबपोश लोगों द्वारा किया गया था और इसने उनके परिवार की भावनात्मक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव डाला।

स्काई स्पोर्ट्स के अनुसार, चोरी की गई 'अपूरणीय' वस्तुओं में स्टोक्स का ओबीई पदक भी शामिल था, जो उन्हें 2019 में इंग्लैंड की पहली 50 ओवर की विश्व कप जीत और उसके बाद एशेज श्रृंखला में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2020 की शुरूआत में दिया गया था। उन्होंने पाकिस्तान में रहने के दौरान अपने परिवार की अच्छी तरह से सहायता करने के लिए पुलिस को भी धन्यवाद दिया।

स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'गुरुवार 17 अक्टूबर की शाम को कई नकाबपोश लोगों ने उत्तर पूर्व में कैसल ईडन क्षेत्र में मेरे घर में चोरी की। वे आभूषण, अन्य कीमती सामान और बहुत सारी निजी वस्तुएं लेकर भाग गए। उनमें से कई वस्तुओं का मेरे और मेरे परिवार के लिए वास्तव में भावनात्मक मूल्य है। वे अपूरणीय हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'यह उन लोगों को खोजने में किसी भी तरह की मदद के लिए एक अपील है जिन्होंने इस कृत्य को अंजाम दिया। इस अपराध के बारे में अब तक की सबसे बुरी बात यह है कि इसे तब अंजाम दिया गया जब मेरी पत्नी और 2 छोटे बच्चे घर में थे। शुक्र है कि मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को कोई शारीरिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, जाहिर है, इस अनुभव ने उनकी भावनात्मक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव डाला है। हम बस यही सोच सकते हैं कि यह स्थिति कितनी बदतर हो सकती थी। मैं चोरी की गई कुछ वस्तुओं की तस्वीरें जारी कर रहा हूँ - जिन्हें मैं आशा करता हूँ कि आसानी से पहचाना जा सकता है - इस उम्मीद में कि हम उन लोगों को ढूँढ़ सकें जो इसके लिए ज़िम्मेदार हैं। हालाँकि हमने अपनी कीमती चीजें खो दी हैं, लेकिन स्पष्ट रूप से बता दूँ कि इन तस्वीरों को साझा करने का मेरा एकमात्र उद्देश्य भौतिक वस्तुओं की बरामदगी नहीं है। इसका उद्देश्य उन लोगों को पकड़ना है जिन्होंने यह किया। अगर आपको लगता है कि आपके पास कोई प्रासंगिक जानकारी है, तो कृपया आगे आएँ और 101 पर डरहम कॉन्स्टेबुलरी से संपर्क करें।'

उन्होंने आगे कहा, 'अंत में, मैं पुलिस सेवा को धन्यवाद कहना चाहता हूँ। अभी और जब मैं पाकिस्तान में था, तब भी मेरे परिवार के लिए उनका सहयोग असाधारण रहा है। वे इन लोगों को खोजने की कोशिश में अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करते रहते हैं।'

चोरी के बाद, स्काई स्पोर्ट्स द्वारा उद्धृत डरहम कॉन्स्टेबुलरी के एक बयान में कहा गया, ₹कैसल ईडन में एक क्रिकेटर के घर में चोरी के बाद अधिकारी जानकारी के लिए अपील कर रहे हैं। गुरुवार, 17 अक्टूबर को हुई घटना के बाद पुलिस को बुलाया गया, जब माना जाता है कि चोरों ने बेन स्टोक्स की पत्नी और बच्चों के घर में सेंध लगाई थी, जब वे पाकिस्तान में थे।'

बयान में कहा गया है, 'परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुँचा, लेकिन चोर आभूषण और अन्य कई कीमती सामान चुराकर भाग गए, जिनमें से कई भावनात्मक थे। जांच जारी है और परिवार ने चोरी की गई कुछ वस्तुओं की तस्वीरें जारी की हैं, इस उम्मीद में कि इससे जांचकताओं को मदद मिलेगी। अगर आपके पास कोई जानकारी है, तो 17 अक्टूबर की घटना संदर्भ संख्या 543 का हवाला देते हुए 101 पर कॉल करें।'

पाकिस्तान दौरे में इंग्लैंड को 2-1 से सीरीज हार का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम ने पहला टेस्ट जीता जिसमें स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण नहीं खेल पाए। इसके बाद इंग्लैंड लगातार दो टेस्ट हार गया और सीरीज गंवा दी।

# शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट 15 हजार श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने


## ● मंदिर की भव्य सजावट, सैन्य बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बाबा केदार के जयघोष से गूंजा धाम

एजेंसी

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध और ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर रविवार प्रातः साढ़े आठ बजे विधि-विधान और धार्मिक परंपरा के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए। इस दौरान सेना के भक्तिमय धुनों के साथ श्रद्धालुओं के 'जय बाबा केदार' के उद्घोष से पूरा धाम गूंज उठा। 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। अब आने वाले छह महीने तक भक्तगण बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे।

रविवार प्रातः पांच बजे से बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में कपाट बंद किए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों, बेलपत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया और केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस विशेष अवसर के लिए दीपावली के दिन से ही फूलों से मंदिर की साज-सज्जा की जा रही थी।

कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कर गई। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आसपास बर्फ होने से सर्द हवा भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा।



बाबा की डोली पहले पड़ाव को प्रस्थान
छह माह शीतकालीन गद्दीस्थल
ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन





### यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे

कपाट बंद होने के अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से आज भव्य व दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कर्मचारियों, पुलिस-प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी आदि का आभार जताया।

### 5 नवंबर ऊखीमठ पहुंचेगी पंचमुखी डोली

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि बाबा केदार की पंचमुखी डोली आज रामपुर में रात्रि प्रवास करेगी। 04 नवंबर सोमवार को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी रात्रि प्रवास कर 05 नवंबर मंगलवार को शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी। शीतकाल में बाबा केदार की पूजा ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में ही होगी। कपाट बंद होने के अवसर पर स्वामी संबिदानंद महाराज, रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी डॉ. सौरव गहरवार, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, केदारनाथ विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, भास्कर डिमरी, प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, मुख्य पुजारी शिवशंकर लिंग, धमार्चार्य ओंकार शुक्ला, तीर्थ पुरोहितों की संस्था केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विनोद शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, ललित त्रिवेदी, देवानंद गैरोला, अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण, उमेश पोस्ती, प्रकाश जमलोकी, रविंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

### चारधाम यात्रा समापन की ओर

इस यात्रा वर्ष की उत्तराखंड चारधाम यात्रा समापन की ओर है। धामों में मौसम सर्द हो गया है। बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद हो रहे हैं। गंगोत्री धाम के कपाट बीते शनिवार 02 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो गये हैं। केदारनाथ धाम के कपाट आज भैयादूज 03 नवंबर को प्रातः बंद हुए और यमुनोत्री धाम के कपाट आज भैयादूज के अवसर पर दोपहर को बंद हो जाएंगे। जबकि गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब और लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बीते 10 अक्टूबर को बंद हो गए। द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 20 नवंबर को बंद हो रहे हैं और तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट सोमवार को बंद होंगे। चतुर्थ केदार रूद्रनाथ के कपाट 17 अक्टूबर को बंद हुए।

# मणिपुर : केसीपी पीडब्लूजी के पांच कैडर गिरफ्तार



एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने केसीपी (पीडब्लूजी) के पांच कैडरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए हैं। ये गिरफ्तारी थौबाल जिले के चरंगपत मयाई लीकै में हुई है।

पुलिस ने रविवार सुबह बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान थोकचोम बिक्रम सिंह (29), सिनम बिजेन सिंह (37), थांगजम दीपक सिंह (30), लंबामयुम नाओबी सिंह (26), और हुइनिंगसुंबम टॉन सिंह (21) के रूप में हुई है। इन पर अपहरण और वसूली जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। इनके पास से हैंड ग्रेनेड, दो डिमांड लेटर बरामद हुए हैं। इनके मोबाइल फोन, सिम कार्ड और गाड़ी भी जब्त की गई है।

इसके अलावा, मणिपुर पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के कुंबी इलाके में प्रीपाक-प्रो के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 32 वर्षीय नोंगमैतेम गुणमणि के रूप में हुई है, जिसपर वसूली की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

# हिमाचल में दिवाली पर बढ़ा प्रदूषण का स्तर बद्दी में सबसे ज्यादा फैला पटाखों का धुंआ

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हर साल की तरह इस बार भी दिवाली की रात पटाखे चले और आतिशबाजी हुई। इससे राज्य में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। दरअसल लोगों ने इस बार दो दिन गुरूवार और शुक्रवार को दिवाली मनाई और दो रातें लगातार जमकर पटाखे चलाए। इसका असर राज्य की वायु गुणवत्ता पर पड़ा है। इस बार राज्य का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 140 पहुंच गया, जो पिछले साल 92 था। इस तरह दिवाली के बाद पिछले साल से इस बार डेढ़ गुणा ज्यादा प्रदूषण हुआ। सामान्य दिनों में राज्य में वायु गुणवत्ता सूचकांक 52 रहता है, जो इस बार दिवाली पर 140 पहुंच गया।

**बद्दी में सबसे ज्यादा प्रदूषण, 392 पहुंचा एक्यूआई**

पहले से ही प्रदूषण की मार झेल रहे बड़े ओद्योगिक शहरों की हवा जहरीली हो गई है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिला सोलन के ओद्योगिक शहर बद्दी की हवा सबसे अधिक प्रदूषित हुई है। बद्दी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 392 पहुंच गया, जो बहुत खराब श्रेणी में माना जाता है और इससे सांस लेने में दिक्कत आ सकती है। सोलन के ही परवाणू में वायु सूचकांक 217 रहा। यह भी खराब श्रेणी में माना जाता है। इसके अलावा सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में 145, सोलन के बरोटिबाला में 139, नालागढ़ में 128, ऊना में 122, सुंदरनगर में 104 और डमटाल में 98 रहा।



### शिमला में सुधरा दिवाली पर प्रदूषण का स्तर

वहीं हिल्स स्टेशन की बात करें तो मनाली की आबोहवा भी खराब हो गई है। शिमला की तुलना में मनाली और धर्मशाला में ज्यादा प्रदूषण रहा। शिमला का वायु गुणवत्ता सूचकांक जहां 66 रहा, वहीं मनाली में 80 और धर्मशाला में 109 पहुंच गया। अच्छी बात यह है कि शिमला में पिछले साल से कम प्रदूषण दर्ज किया गया। शिमला के वायु गुणवत्ता सूचकांक में काफी सुधार आया है। पिछले साल दिवाली के बाद शिमला में वायु गुणवत्ता सूचकांक 78 था, जो इस साल घटकर 66 रहा गया। जबकि मनाली में पिछले साल वायु सूचकांक 55 था, जो अब 80 पहुंच गया। हालांकि यह संतोषजनक श्रेणी में है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अधिकारी का कहना है कि प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण धुएं वाले पटाखे हैं। इसके अलावा आतिशबाजी और स्काई शार्ट से भी हवा की गुणवत्ता खराब हुई है। उन्होंने बताया कि 0 से 50 वायु गुणवत्ता सूचकांक पर्यावरण के लिहाज से अच्छा माना जाता है। 51 से 100 तक संतोषजनक व कम असर, 101 से 200 तक मध्यम श्रेणी में गिना जाता है और इससे फेफड़ा, दिल और अस्थमा मरीजों को सांस लेने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है। 201 से 300 तक खराब श्रेणी और 301 से 400 तक वायु की गुणवत्ता बहुत खराब हो जाती है। इससे सांस की बीमारी का खतरा होने की आशंका रहती है। 401 से 500 के स्तर को गंभीर माना जाता है।

# अमित शाह पर कनाडा के आरोपों को भारत ने किया खारिज बताया बेतुका, गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सरकार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक कनाडाई मंत्री के आरोपों को बेतुका और निराधार बताया। कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को शुक्रवार को बुलाया गया और आरोपों के विरोध में एक नोट अधिकारी को सौंपा गया। आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि नवीनतम कनाडाई लक्ष्य के संबंध में, हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को बुलाया। इसमें बताया गया कि भारत सरकार उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और आधारहीन संदर्भों का कड़े शब्दों में विरोध करती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा सरकार के अधिकारियों ने भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया को बेबुनियाद आक्षेप लीक किए। रणधीर जयसवाल ने कहा कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना कृत्यों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। सरकार ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि इस कदम का उद्देश्य भारत को बदनाम करना और 'अन्य देशों को प्रभावित करना' था। एमईए ने कहा कि वास्तव में, यह रहस्योद्घाटन कि कनाडा के उच्च अधिकारी भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सचेत रणनीति का हिस्सा केवल उस दृष्टिकोण की पुष्टि करता है जो भारत सरकार लंबे समय से वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार पैटर्न के बारे में रखती है। पिछले साल हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और भारतीय एजेंटों के बीच संबंधों के कनाडाई सरकार के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में खटास आ गई। सरकार ने शनिवार को कहा, 'इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।' कनाडाई सरकार द्वारा वीजा की संख्या में कटौती पर रणधीर जयसवाल ने कहा कि हम कनाडा में काम कर रहे अपने छात्रों और पेशेवरों की भलाई की निगरानी कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा के लिए हमारी चिंता मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे कुछ कांसुलर अधिकारियों को हाल ही में कनाडाई सरकार द्वारा सूचित किया गया था कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं और रहेंगे।



# इजराइल का हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर फाउर को मार गिराने का दावा

एजेंसी

**बेरुत।** इजराइल ने हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर जाफर खादर फाउर की मौत का दावा किया है। सेना ने कहा कि उसने शनिवार को हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फाउर को दक्षिणी लेबनान में मार डाला। सेना के मुताबिक, फाउर इजराइल पर हमलों के लिए जिम्मेदार था।

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया है कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के जौइया क्षेत्र में नासिर यूनिट के मिसाइल और रॉकेट इकाई के कमांडर जाफर खादर फाउर को मार गिराया। आईडीएफ के मुताबिक जाफर फाउर इजराइली में हुए रॉकेट हमलों के लिए जिम्मेदार था। इसमें किबुत्ज ओरताल, मजदल शम्स और मेटुला के हमले शामिल हैं। मजदल शम्स में 12 बच्चों की मौत हुई थी और मेटुला में 5 लोगों की जान गई थी।




## न्यूज IN ब्रीफ

### अधजला शव मिलने से सनसनी, अज्ञात युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कोरबा।** जिले में पहाड़ी से लगे इलाके में एक अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। इधर शहर के मध्य से होकर गुजरी रेल लाइन पर कूदकर एक अज्ञात युवक ने खुदकुशी कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज रविवार सुबह कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम हुंकरा की पहाड़ी के पास एक अज्ञात युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी व्याप्त है। आज सुबह कुछ ग्रामीणों ने शव को देखा तो उन्होंने गाव के सरपंच को फोन कर सूचना दी। सरपंच ने मौके पर पहुंच कर कटघोरा पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान नहीं हो पाई है। घटना स्थल पर एक जोड़ी चप्पल व साइकिल मिली है। प्रारंभिक तौर पर इस बात की शंका जताई जा रही है कि कुछ युवक यहां रात्रि शराब पीने आये होंगे और आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। बताया जा रहा है कि युवक को पेट्रोल से जलाया गया है और जलाने के बाद शव को उठाकर पहाड़ी के पीछे नीचे फेंक दिया गया। फिलहाल कटघोरा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शव की शिनाख्ती के लिये ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी घटना में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय नगर नहर रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार शाम को मालगाड़ी के सामने कूद कर एक अज्ञात युवक ने आत्महत्या कर लिया। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस और आरपीएफ को दी गई। कोतवाली पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को निकाल कर जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। बताया गया कि उक्त युवक बाइक से फाटक के पास आया तब फाटक बंद था, बाइक खड़ी कर आसपास घूमने लगा। जैसे ही ट्रेन आई, युवक अप्रत्याशित तरीके से दौड़ कर ट्रेन के सामने कूद गया। फाटक पर मौजूद लोग दौड़ कर वहां पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। करीब 32 वर्षीय युवक की पहचान और परिजन की पतासाजी उसके वाहन नम्बर के आधार पर की जा रही है।

### पुल से नदी में गिरी कार, दो दोस्त की मौत

**बांसवाड़ा।** उदयपुर बांसवाड़ा स्टेट हाईवे पर बीती रात उदयपुर मार्ग पर स्थित चिड़ियावासा गांव में पुल पर एक बेकाबू कार पुल से नदी में गिर गई। कार में सवार तीन लोगों में से दो युवकों की हादसे में मौत हो गई। हादसे में तीसरा व्यक्ति घायल हुआ है। कार सवार तीनों युवक मित्र व पड़ोसी थे। दिवाली पर साबला से बांसवाड़ा शहर घूमने के लिए आए थे। एसआई रामलाल ने बताया कि शनिवार रात को साबला निवासी ईशान (29) पुत्र दिलीप जैन, मयूर टेलर (29) पुत्र शांतिलाल टेलर व राजेश कलाल (30) पुत्र दिनेश कलाल बांसवाड़ा से घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान चिड़ियावासा गांव के पुल पर कार बेकाबू होकर नदी में जा गिरी। इससे मयूर टेलर व राजेश कलाल की मौत हो गई। ईशान जैन को हल्की चोटें आई है। उसका चिकित्सालय में इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। चिड़ियावासा गांव बांसवाड़ा शहर से 11 किमी और साबला कस्बे से 45 किमी दूर स्थित है। मृतक मयूर चार बहनों का इकलौता छोटा भाई था। राजेश की भी 1 ही बहन है। मयूर व राजेश दोनों ही विवाहित थे। मृतक मयूर टेलर के एक साल का व राजेश टेलर के तीन साल का बेटा है। हादसे के बाद सदर एएसआई हरिश्चंद्र सिंह, हैड कॉन्स्टेबल कांतिलाल हाड़ा व कॉन्स्टेबल यज्ञवर्धन सिंह सहित अन्य पुलिस जवानों ने मशक्कत कर मार्ग सुचारू किया। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और कार को क्रेन के जरिए निकाला गया। सदर थानाधिकारी बुधाराम बिश्नोई मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और स्वयं पानी में उतरकर कार में सवार युवकों को बाहर निकाला। इस दौरान दोनों मृतक युवकों की हल्की सांस चल रही थी। तुरंत एबुलेंस की मदद से चिकित्सालय भिजवाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

### हत्या या दुर्घटना में चली गई 10 वर्षीय लड़के की जान

**कानपुर देहात।** जनपद के रूरा थानाक्षेत्र में शनिवार की रात एक 10 वर्षीय लड़के की गला रेत कर निर्मम हत्या की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते तनाव की स्थिति गांव में बन गई। इसको देखते हुए मौके पर पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। रूरा थानाक्षेत्र के सिठमरा में रहने वाले अनिल चक्रवर्ती का बेटा आर्यन (10) बच्चों के साथ खेलने के लिए गया था। काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढने के लिए निकले। चौकी से कुछ दूर बाजार में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसकी गर्दन से खून निकल रहा था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी से कुछ दूरी पर छात्र की गला रेतकर हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही घटना स्थल से लेकर जिला अस्पताल तक लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने गांव के दूसरे वर्ग व कुछ अन्य लोगों पर वारदात को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए कई थानों का फोर्स मौके पर तैनात कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के साथ जिलाधिकारी आलोक सिंह भी पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी तक जांच में जो सामने आया है उसमें मोहल्ले में ही रहने वाले एक लड़के अंकित ने सुतली बम को जलाया था। वहीं उसमे आवाज तेज हो जाये इसको लेकर जैद नामक एक लड़के ने उसमे स्टील का गिलास रख दिया। बम फूटने के बाद आर्यन एकदम गिर गया जिससे वहां खड़े लड़कों ने सोचा कि इसको मिर्गी का दौरा आया है, पर जब उसकी गर्दन से खून निकलने लगा तो सब घबरा गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फोरेंसिक टीम ने गिलास के टुकड़े जांच के लिए सुरक्षित कर लिए हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

### खेत में जली पराली तो किसान को देना होगा अर्थदंड

**मीरजापुर।** उपकृषि निदेशक विकेश पटेल ने बताया कि पराली जलाने की बजाए किसान कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का प्रयोग करते हुए पराली का प्रबंधन कटाई के समय ही करें। सुपर एसएमएस के विकल्प के रूप में अन्य यंत्र स्ट्रारीपर, स्ट्रारेक व बेलर, मल्चर, पैडी स्ट्राचापर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, रिवर्सबुल एमबी प्लाऊ का भी प्रयोग कर सकते हैं। इससे खेत में फसल अवशेष बंडल बनाकर अन्य उपयोग में ला सकते हैं। संचालक एसएमएस की व्यवस्था कराते हुए ही कटाई कराएं। अन्यथा हार्वेस्टर सीज हो जाएगा। उपकृषि निदेशक ने कहा कि खरीफ मौसम में तैयार हो रही धान की फसल की कटाई के बाद किसान पराली को खेत में ही जला देते हैं, इससे वायु प्रदूषण होता है। किसानों से खेत में फसल अवशेष जलाने पर जुमार्ना वसूला किया जाता है। दो एकड़ जलाने पर 2500, 2 से 5 एकड़ जलाने पर 5000 एवं 5 एकड़ से अधिक पराली जलाने पर 15,000 का अर्थदंड वसूला जाएगा। किसान पराली का उपयोग खेत में खाद के रूप में कर सकते हैं। एडीएम वित्त व राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देश दिया कि पराली व कृषि अपशिष्ट न जलाने दें। घटना प्रकाश में आने पर संबंधित लेखपाल भी जिम्मेदार होंगे। पराली जलाने पर जुमार्ना लगेगा।

न्यूज ब्रीफ



## चाईबासा विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गीता बालमुचू के पक्ष में गिरीराज सेना ने किया प्रचार

**चाईबासा:** विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में चाईबासा विधानसभा-52 के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी गीता बालमुचू के पक्ष में गिरीराज सेना प्रचार करने के साथ-साथ उनके जीत के लिए निरंतर प्रयास में जुट गयी है। गिरीराज सेना के प्रमुख उमा शंकर गिरी ने बताया कि गीता बालमुचू दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र में काफी मजबुत स्थिति में है। पार्टी के वरीय नेतागण और कार्यकर्तागण भी पूर्णरूपेण गीता बालमुचू के पक्ष में जोरदार अभियान चलाकर उनकी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। गीता बालमुचू इस विधानसभा क्षेत्र से काफी लोकप्रिय, जनप्रिय और पार्टी की मजबुत आधार भी है। उनके लोकप्रियता का ही यह परिणाम रहा कि वे चाईबासा नगर परिषद् की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। श्री गिरी ने गीता बालमुचू से मिलकर उन्हें अपनी शुभकामना भी दी। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, धीरज ठाकुर, सन्नी साव, संतोष कुमार के साथ-साथ काफी संख्या में गिरीराज सेना के सदस्य और पदाधिकारीगण भी उपस्थित थें। वहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरीय अधिकारी एवं पूर्व गृह सचिव तथा भाजपा के वरीय नेता अभिभावक तुल्य ज्योति भ्रमर तुविड से भी श्री गिरी व अन्य लोगों ने मुलाकात की।

## सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमाण्डेंट द्वितीय पवन कुमार से मिले पत्रकार बिनय मिश्रा

ज्योति पाठक



**चक्रधरपुर :** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स 60 बटालियन चक्रधरपुर के कमाण्डेंट द्वितीय पवन कुमार से मिलकर उन्हें उनके बेहतर कार्य के लिए उन्हें बधाई दी और मात्र दो माह के कार्यकाल में ही उनके द्वारा बेहतर कार्य इस क्षेत्र के लिए काफी उपयोगी और कारगर साबित हुआ है। श्री कुमार इससे पूर्व कई नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थापित रह चुके हैं और अपने बेहतर कार्यों से सीआरपीएफ के कार्यों और दायित्व को काफी कारगर बनाया है। श्री कुमार 60 बटालियन कमाण्डेंट द्वितीय के रूप में सात सितम्बर 2024 को योगदान दिया और अपने योगदान देने के बाद से अपने दायित्व का बेहतर ढंग से निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे अधिकारी से निश्चित तौर पर सीआरपीएफ के जवान और अधिकारियों का मनोबल ऊँचा रहता है और अपने कर्तव्य का बेहतर ढंग से निर्वहन करने में सफल भी रहते हैं।

## सिल्ली- मुरी में रूकने का नाम नहीं ले रहा लॉटरी का अवैध धंधा

**सिल्ली :** झारखंड में अवैध लॉटरी बिक्री पर प्रतिबंध रहने के बावजूद सिल्ली-मुरी में लम्बे समय से अवैध लॉटरी का धंधा परवान पर है। लॉटरी कारोबारी भोले भाले लोगों को रातों रात करोड़पति बनने का ख्वाब दिखाकर उन्हें कंगाल बना रहे है। इस धंधे की मकड़ जाल में अनेकों दिहाड़ी मजदूर, ऑटो चालक, रिक्शा चालक, हाट बाजार में पोल्ट्री मुर्गी व मछली बेचने वाले लोग, छोटे मोटे कारोबारी दुकानदार आदि फंसे हुए है। लॉटरी खरीदने की लत लोगों में ब्राउन शुगर, गाजा से भी बदतर लत लगी है इस लत के कारण कई लोगों की परिवार बबार्दी के कगार पर है बच्चे को अच्छी शिक्षा भी लोग दे नहीं पा रहे हैं। सूत्रों का माने तो सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के लॉटरी टिकट के वैदध टिकट की डुप्लीकेट प्रिंट कर बेचने का काम जोरों पर किया जा रहा है, धंधेबाजों को सिल्ली, बड़ा मुरी एंव छोटा मुरी बाजार के अलावा टेंपो स्टैंड और चौक चौराहा में लॉटरी बेचते खुल्लेआम देखा जाता है। समाज के प्रति बेहतर सोच रखने वाले कई लोगों ने लॉटरी बेचे जाने का विरोध भी किया है विरोध करने पर धंधेबाजों का जबाब होता है लॉटरी ऐसे नही बेच रहे है पुलिस को महीना देते है इसलिए उनका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है ये चुनौती के साथ कहते है। इसके आगे लोग खामोश हो जाते है और लोग कहते है पुलिस की शह पर ही ऐसे धंधेबाज अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे हैं।

## आईवायडीएफ और रेड जिम के सदस्यों ने नेत्रहीन बच्चों के साथ मनाया करमा



**चान्हो:** आईवायडीएफ और रेड जिम रांची के सदस्यों ने रविवार को चान्हो स्थित अमर ज्योति नेत्रहीन विद्यालय में करमा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस खास मौके पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें करमा गीत और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान रेड जिम के सदस्यों ने बच्चों को खाने-पीने की चीजें और दैनिक जरूरत का सामान वितरित किया। इस पहल से बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और वे भी इस आयोजन में पूरी सक्रियता से शामिल हुए। समारोह में असुंता लकड़ा, पंकज शर्मा, संदीप गुप्ता, उज्जवल वर्मा, गौरव कुमार, शिवम कुमार, कैलाश साहू, विनोद शर्मा, आनंद शर्मा, सपना, अंशु, दीपाली, अंकिता, स्मिता, सोनी, रिया, पूजा सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे। इस आयोजन का उद्देश्य नेत्रहीन बच्चों के साथ खुशी बांटना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में प्रयास करना था। इस आयोजन की सभी ने सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने की बात कही।

# जिले के शिक्षकों को मिला ग्रेड-4 में प्रमोशन, फाइल पर हुआ अनुमोदन

### आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रमोशन संबंधित पत्र होगा जारी

मेट्रो रेज



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। पिछले कई वर्षों से प्रमोशन की आस देख रहे शिक्षकों का वेतन बढ़ जायेगा। शिक्षकों को अब ग्रेड 4 में प्रमोशन मिला। प्रमोशन मिलने के रास्ते की सारी बाधाएं खत्म हो गयी है। उपायुक्त के अनुमोदन के बाद क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक ने भी शिक्षकों के प्रमोशन की फाइल अनुमोदित कर दी है। इस अनुमोदन की वजह से यह मामला लटका हुआ था। झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसी वजह से प्रमोशन से संबंधित पत्र जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से जारी नहीं की गयी है। आचार संहिता खत्म होने के बाद इसे जारी किया जाएगा। इस प्रमोशन के बाद शिक्षकों को प्रति माह कम से कम 5,000 रुपये का लाभ होगा। ग्रेड 4 में जिले के कुल 296 शिक्षकों को प्रमोशन के योग्य माना गया है। जिसमें कला के कुल 107, विज्ञान के 88 जबकि भाषा के कुल 101 शिक्षक शामिल हैं। अब नयी सरकार के गठन के साथ ही शिक्षक प्रमोट होने के साथ ही अधिक वेतन पा सकेंगे। हालांकि, ग्रेड 7 के प्रमोशन को लेकर विभाग के स्तर से अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। ग्रेड 7 में प्रमोशन को लेकर कई स्तर पर मामला न्यायालय में है। कोर्ट के निर्देश पर ग्रेड 7 में भी शिक्षकों को चुनाव के बाद प्रमोट करने की तैयारी की गयी है।

प्रमोशन नियमावली 1993 के आधार पर दिया गया है प्रमोशनः पिछले दिनों स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने राज्य के 21 जिले के जिला शिक्षा अधीक्षकों को एक पत्र भेजा था। पत्र में उन्होंने प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों को प्रमोशन नियमावली 1993 के आधार पर प्रमोट करने का निर्देश दिया था। साथ ही पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया था कि प्रमोशन को लेकर लगातार शिक्षक न्यायालय की शरण में जा रहे हैं। कई बार यह आवमानना का मामला भी बन जा रहा है। शिक्षा सचिव ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को कहा था कि वे जल्द से जल्द प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी करें। उक्त निर्देश के आलोक में ही यह कार्यवाही की गयी है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 1993 नियमावली के आधार पर ग्रेड 4 और ग्रेड 7 में प्रमोशन देने का आदेश दिया था। इसके लिए कोर्ट ने चार माह का समय दिया है। इससे पूर्वी सिंहभूम जिला समेत राज्य के सभी जिले के शिक्षकों में हर्ष है। लंबे अरसे के बाद अब शिक्षक हेडमास्टर बन सकेंगे।

## तीर-धनुष चिह्न पर वोट डालें और हेमंत सोरेन को दुबारा मुख्यमंत्री बनायें: कल्पना सोरेन



मेट्रो रेज

**जमशेदपुर:** सरायकेला खरसावां विधानसभा क्षेत्र के कुनाबेड़ा फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गढ़ में कल्पना सोरेन ने जमकर गरजीं और आम जनता से प्रत्याशी गणेश महाली के लिए वोट मांगा।

झारखंड की बहन बेटियां सशक्त हों और वे आगे बढें, यह भाजपा को कतई मंजूर नहीं है। भाजपा की राजनीति ने हमारे राज्य की महिला विकास योजनाओं को ठहराव लाने में डालने का काम किया है, भाजपा के कारण ही पूरे पांच महीने तक विकास काम ठप था। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के छोटा कुनाबेडा फुटबॉल मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली के पक्ष में मतदान कर फिर से हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।श्रीमति सोरेन ने कहा कि भाजपा की साजिश के तहत पूरे पांच महीने तक हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल में रहना पड़ा। झारखंड की बहन-बेटियों के सपनों को वो वक्त गंवाना पड़ा, जो उन्हें पांच महीने पहले ही मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के रूप में मिल सकता था। मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ शिवेंदु महतो, कृष्णा बास्के, गणेश चौधरी, मोहन कर्मकार, राजू गिरी, गोपाल महतो, भोला महांती, अमृत महतो,भुगलु सोरेन, सागेन पूर्ति, प्रीतम हेंब्रम के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कई साजिशें की। झारखंड की विकास की रफ्तार को कम करने व राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए मुख्यमंत्री पर कई झूठे आरोप भी लगायेगये। लेकिन हेमंत सोरेन ने जेल से बाहर आते ही निडर होकर सबसे पहला काम बेटी व बहनों के लिए मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना शुरू किया।मंइयां सम्मान योजना की शुरूआत करके उन्होंने यह साबित कर दिया कि उन्हें झारखंड की बेटी व बहनों की दर्द का अहसास है और वे उनकी चिंता करते है। लेकिन भाजपा को कतई मंजूर नहीं कि झारखंड की बहन-बेटियां सशक्त हों और आगे बढ़ें। इस वजह से उन्होंने योजना को रोकने का भी भरसक प्रयास किया।

**झामुमो को वोट देकर भाजपा से षड़यंत्र का जवाब देना है:** कल्पना सोरेन ने कहा कि झामुमो व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए खिलाफ कई साजिशें रची गयी। लेकिन हेमंत सोरेन कभी भी अपने काम व इरादे से पीछे नहीं हटे। अब सही समय आ गया है भाजपा को उनके षड़यंत्र के खिलाफ जवाब दिया जाये। झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता किसी सिपाही से कम नहीं है। जिसने भी उनके साथ धोखा किया गया है। इस विधानसभा चुनाव में झामुमो को एकतरफा वोट देकर भाजपा को हराये। भाजपा खुद बखुद बिखर जायेगा। कोल्हान में 13 नवंबर को मतदान है। मतदान के दिन सरायकेला समेत पूरे कोल्हान में तीर-धनुष चिह्न पर ज्यादा से ज्यादा वोट पड़नाचाहिए। तभी यहां पर झामुमो के प्रत्याशी सरायकेला के विधायक बनेंगे और राज्य में फिर से हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार बनेगी।

**राशन कार्ड से नाम काटकर भाजपा ने गरीब के साथ किया धोखा:** कल्पना सोरेन ने कि झारखंड में सर्वाधिक समय बीजेपी ने शासन किया। लेकिन डबल इंजन वाली बीजेपी ने गरीब जनता को रौंदने का काम किया। गरीब परिवार को सरकार हर महीने राशन देती थी। लेकिन बीजेपी ने राशन कार्ड से गरीबों का नाम काट दिये। गांव-देहात के बच्चे अनपढ़ ही रहे, इसलिए कई स्कूलों को बंद करवाया। वहीं हेमंत सोरेन ने हरा कार्ड के माध्यम से सभी को कार्ड देने व सीएम ऑफ एक्सीलेंस स्कूल खोलने का काम किया है।

### आदिवासी मूलवासियों के अस्तित्व की है यह लडाईः जोबा मांझी

सिंहभूम सांसद जोबा मांझी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जल जंगल जमीन के साथ-साथ यह आदिवासी मूलवासी के आस्तित्व की लडाईहै। इसलिए फिर से तीर कमान पर वोट देकर यहां से झामुमो की जीत को सुनिश्चित करें और राज्य में झामुमो की सरकार बनाएं। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि इन योजनाओं को आगे बढ़ाना है, इसके लिए झामुमो को वोट दे कर जिताना है।

### मैं जीता तो कुनाबेडा अलग प्रखंड बनेगाः गणेश महाली

**झामुमो** प्रत्याशी गणेश महाली ने कहा कि यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाने में काफी परेशानी होती है। इसलिए यदि इस विधानसभा चुनाव में मेरी जीत तो मैं गम्हरिया व राजनगर के कुछ पंचायतों को मिलाकर अलग कुनाबेडा प्रखंड का गठन करने का काम करूंगा। यहां पर प्रखंड मुख्यालय बनेगा, साथ ही थाना भी बनाया जाएगा। ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी नही हो। उन्होंने कहा कि विगत 25 वर्षो से लगातार समाजसेवा में सक्रिय रहे हैं। इसलिए इस बार उन्हें सेवा करने का अवश्य मौका दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को झामुमो नेत्री बारी मुर्मू, पुर्व जिप अध्यक्ष शकुंतला महाली, रूद्रप्रताप महतो ने भी संबोधित किया।

## भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया एसडीपीओ नलिन मराण्डी से मिले

### 17 नवम्बर को होने वाले रक्तदान शिविर में उपस्थित रहने का किया आग्रह



बिनय मिश्रा

**चक्रधरपुर :** नवपदस्थापित अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नलिन कुमार मराण्डी से भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया ने मुलाकात कर आगामी 17 नवम्बर को भगेरिया फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित होने का आग्रह किया जिसे अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी ने सहस स्वीकार करते हुए कहा कि पुनित कार्य तथा जीवन रक्षा का सबसे सशक्त माध्यम रक्त की आवश्यकता देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन निश्चित तौर पर सराहणीय है और इस जनकल्याण कार्यक्रम में वे अवश्य शामिल होंगे और श्री मराण्डी ने कहा कि जीवन रक्षा के लिए जीवन में रक्त काफी महत्वपूर्ण है इसलिए भगेरिया फाउण्डेशन के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम निश्चित तौर पर सराहणीय है और ऐसे सामाजिक संस्था निश्चित तौर पर काफी अनुकरणीय भी है।

## कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**मांडर:** शनिवार को मांडर के बजारटांड़ में कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव ने फीता काटकर इस कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसमें यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति देखी गई। इस अवसर पर मांडर प्रखंड उप प्रमुख अमानत अंसारी, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष आबिद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, यूथ कांग्रेस के जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अमित खलखो, यूथ कांग्रेस के जिला ग्रामीण महासचिव हसीब खान, कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष एहसान अंसारी, चान्हो यूथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष तौकीर खान, मंडल अध्यक्ष होसे उरांव, तबराक खान, संजय तिग्गा, जावेद अंसारी, पंचायत अध्यक्ष एगणेश, बेलस टोप्पो, शक्ति बड़ा, समसूल हक, हसन अंसारी, समीम अंसारी, अदनान हुसैन, आलम अंसारी, एनामुल अंसारी और जसमुदिन अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में आगामी चुनावों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कई वक्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों और क्षेत्र के विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। साथ ही, कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जीत के लिए पूर्ण समर्पण से काम करने का संकल्प लिया।

## 10 हजार से अधिक नगद नहीं खर्च करेंगे प्रत्याशी, रैली में नहीं होंगे 10 से अधिक वाहन

**जमशेदपुर:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा कि नॉमिनेशन के दिन से ही चुनावी व्यय गणना की जायेगी। व्यय पंजी का मिलान निर्वाचन अवधि में तीन बार किया जायेगा। ऐसे में जरूरी है कि व्यय कोषांग की टीम का आकलन और प्रत्याशी के चुनावी व्यय का आकलन एक समान हो। साथ ही बताया कि मतदान एवं मतगणना समाप्त होने के उपरांत भी प्रत्याशियों द्वारा 25 नवंबर तक किये जाने वाले खर्च चुनावी व्यय के रूप में संधारित होगी। रैली, मीटिंग, नुक्कड़ सभा, स्टार कैंपेनर के प्रचार-प्रसार में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रैली में 10 वाहन से ज्यादा की अनुमति नहीं है, किसी धार्मिक, शादी समारोह, लंगर या अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजनों में जाने की अनुमति है,

## मुसाबनी व कोवाली से एक लाख की शराब जब्त



**मुसाबनी:** विधानसभा चुनाव को लेकर मुसाबनी पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने शनिवार की शाम डीएसपी कार्यालय मुसाबनी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि मुसाबनी और कोवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगभग एक लाख रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद की है। जिले में अब तक लगभग 40 लाख की शराब के साथ 60 लाख रुपये नगद बरामद हुए हैं।

घाघराकोचा में घर से 96 बोतल शराब बरामदः डीएसपी संदीप भगत के नेतृत्व में एक टीम गठित हुई। मुसाबनी के थाना प्रभारी मो अमीर हामजा और पुलिस बल ने घाघराकोचा के घर से 8 पेटियों में 96 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। लोगों से पूछताछ पर जानकारी मिली कि अवैध शराब का कारोबार गोहला के जितेन धीवर करता है। जितेंद्र धीवर के खिलाफ मुसाबनी थाना में मामला दर्ज हुआ है। छापामारी दल में बिल्कन बागे, चंद्र टुडू ,मोनिका टोप्पो ,चेतन मंडी शामिल थे।

वाहन से 60 बोतल अंग्रेजी शराब बरामदः दूसरी घटना, में कोवाली थाना क्षेत्र के हेंसडाजुड़ी सड़क से होकर एक सफेद रंग के वाहन से थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने शराब पकड़ा। वाहन (जेएच 05 सीई/8947) से 750 मिली लीटर की क्षमता वाली 60 बोतल अंग्रेजी शराब और 1200 खाली बोतल बरामद हुआ।

**हल्दीपोखर का धनंजय गिरफ्तार:** पुलिस ने हल्दीपोखर निवासी धनंजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। धनंजय यादव ने पुलिस को बताया कि अवैध शराब कारोबार में हल्दीपोखर ओडिशा रोड निवासी पापन मोदक और सुजीत